Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 15 May 2025 ● Year : 03 ● Issue : 119 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

लीक पर वे चलें, जिनके चरण दुर्बल और हारे हैं, हमें तो जो हमारी यात्रा से बने, ऐसे अनिर्मित पंथ प्यारे हैं।

–सर्वेश्वर दयाल सक्सेना



Alia Bhatt Pens Emotional...

SHARE

सेंसेक्स	:	75,364.69
निफ्टी	:	22,904.45

SARAFA

सोना	:	8,575
चांदी	:	108.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

पाक ने बीएसएफ के जवान को किया भारत के हवाले

CHANDIGARH : लगभग 21 दिन बाद मंगलवार को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स यानी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान को पाकिस्तान ने भारतीय सेना के हवाले कर दिया। कई बार की फ्लैग मीटिंग के बाद आज पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान को रिहा करने का फैसला लिया। पश्चिम बंगाल के रहने वाले जवान पूरनम कुमार शॉ 23 अप्रैल को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास गश्त के दौरान गलती से सीमा पार कर गए थे। यह घटना पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर के पास हुई थी। वह बीएसएफ की 73वीं बटालियन में तैनात हैं। सीमा पार करते ही पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए अपनी कस्टडी में ले गए। जवान के लापता होने के तुरंत बाद बीएसएफ ने अपने समकक्ष पाकिस्तान रेंजर्स से संपर्क किया। तब इस बात की पुष्टि हुई कि जवान पाकिस्तान की हिरासत में है।

पानीपत में पाक का जासूस गिरफ्तार, पूछताछ जारी

PANIPAT : पानीपत पुलिस ने एक व्यक्ति को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह पाकिस्तान में एक आतंकी संगठन को यहां की सूचनाएं मुहैया करवाने का काम कर रहा था। पुलिस सूत्रों से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए जासूस का नाम नौमान इलाही है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कैराना का रहने वाला है। वह पाकिस्तान में किसी इकबाल नाम के आतंकी के संपर्क में था। पुलिस की जांच के मुताबिक नौमान पिछले काफी समय से पानीपत में अपनी बहन के पास रह रहा था। यहां रह कर वह देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहा। यहां से वह पाकिस्तान में इकबाल नाम के आतंकी को देश की सभी बातों को वॉट्सऐप व अन्य सोशल मीडिया ऐप के जरिए पहुंचा रहा था।

13 महीने के निचले स्तर पर आई थोक महंगाई

NEW DELHI : अप्रैल महीने में थोक महंगाई 2.05 प्रतिशत से घटकर 0.85 प्रतिशत पर आ गई है। ये महंगाई का 13 महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2024 में महंगाई 0.53 प्रतिशत पर थी। वहीं फरवरी 2025 की महंगाई दर को सरकार ने संशोधित किया है। इसे 2.38 प्रतिशत से बढ़ाकर 2.45 प्रतिशत कर दिया गया है। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से महंगाई घटी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने आज यानी 14 मई को ये आंकड़े जारी किए। रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 0.76 प्रतिशत से घटकर -1.44 प्रतिशत हो गई। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई 4.66 प्रतिशत से घटकर 2.55 प्रतिशत हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 0.20 प्रतिशत से घटकर -2.18 प्रतिशत रही।

जस्टिस बीआर गवई ने भारत के 52वें सीजेआई के रूप में लिया ओथ

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ, जस्टिस खन्ना ने आगे बढ़ाया था नाम

गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस, 2019 में सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में हुए थे प्रमोट

NEW DELHI @ PTI : बुधवार को जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जस्टिस गवई को सीजेआई पद की शपथ दिलाई। मौजूदा सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो चुका है। सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। जस्टिस गांवई का कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का है। सीजेआई गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक, जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे।

मां बोलीं- मेहनत व सेवा का मिला फल

सीजेआई गवई की मां कमलताई ने कहा, मैंने हमेशा चाहा था कि मेरे बच्चे अपने पिता के रास्ते पर चलें और समाज की सेवा करें। भूषण ने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया और मेहनत से आज इस ऊंचे पद तक पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि सीजेआई ने एक साधारण स्कूल में पढ़ाई की और हमेशा जरूरतमंदों की मदद करते रहे हैं, चाहे वह आर्थिक सहायता हो या इलाज का खर्च।

1985 में शुरू किया कानूनी करियर

जस्टिस गवई का 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्म हुआ था। उन्होंने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया। 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की। इससे पहले उन्होंने पूर्व एडवोकेट जनरल और हाईकोर्ट जज स्वर्गीय राजा एस भोंसले के साथ काम किया। 1987 से 1990 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में वकालत की। अगस्त 1992 से जुलाई 1993 तक बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में सहायक सरकारी वकील और एडिशनल पब्लिक प्रॉसीक्यूटर के रूप में नियुक्त हुए। 14 नवंबर 2003 को बॉम्बे हाईकोर्ट के एडिशनल जज के रूप में प्रमोट हुए। 12 नवंबर 2005 को बॉम्बे हाईकोर्ट के परमानेंट जज बने।

जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध सीजेआई हैं। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन भारत के दलित मुख्य न्यायाधीश बने थे। जस्टिस बालाकृष्णन साल 2007 में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बने थे।

पीएम मोदी ने की सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की मीटिंग

ऑपरेशन सिंदूर स्थगित होने पर सुरक्षा स्थिति की हुई चर्चा

NEW DELHI @ PTI : बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की एक बैठक की अध्यक्षता की। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति बनने के बाद यह सीसीएस की पहली बैठक है। ऐसी जानकारी है कि इस बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' स्थगित होने के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की गई। इस बैठक में प्रधानमंत्री के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। बैठक में वर्तमान स्थिति और भारत की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसके बाद प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडल की बैठक की भी अध्यक्षता की। मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री की प्रशंसा किए जाने के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर भारत के गौरव, सशस्त्र बलों की भूमिका और निर्णायक नेतृत्व के अलावा नये सिद्धांत का एक उदाहरण था। यह देश के लिए बहुत सराहनीय है।

भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति के बाद पहली बैठक

जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मिला हथियारों का जखीरा, एके-47 और हैंड ग्रेनेड शामिल

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद भी सुरक्षाबलों का ऑपरेशन जारी है। बुधवार को जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के केलर में भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। इसमें एके-47 गन समेत कई तरह की बंदूकें, हैंड ग्रेनेड, हजारों की संख्या में गोलियां शामिल है। केलर में ही 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे। शोपियां जिले के केलर स्थित शुकरू फॉरेस्ट एरिया में मंगलवार को शाम 4.30 बजे मुठभेड़ खत्म हुई थी। इसे ऑपरेशन को केलर नाम दिया गया था। मारे गए आतंकियों में लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर शाहिद अहमद कुट्टी भी शामिल था।

भारत में तुर्किये-चीन के सरकारी चैनलों के 'एक्स' अकाउंट ब्लॉक

बुधवार को भारत सरकार ने बुधवार को तुर्किये के सरकारी चैनल टीआरटी वर्ल्ड और चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स और शिन्हुआ के 'एक्स' अकाउंट ब्लॉक कर दिए हैं। इन पर भारत विरोधी प्रोपेगैंडा चलाने और सेना के बारे में गलत खबरें फैलाने का आरोप है। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद भी सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। इधर, श्रीनगर एयरपोर्ट से हज यात्रियों का दूसरा जत्था सऊदी अरब के मक्का के लिए रवाना हुआ। श्रीनगर से हज यात्रियों का पहला जत्था 4 मई 2025 को रवाना हुआ था।

हाईकोर्ट के जज बार-बार ले रहे ब्रेक, परफॉर्मेंस का आकलन जरूरी : SC



PHOTON NEWS RANCHI : हाईकोर्ट के जजों द्वारा अनावश्यक और बार-बार ब्रेक लेने का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा है। झारखंड से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटीश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ कई शिकायतें मिल रही हैं। पीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा कि कुछ ही जज ऐसे हैं, जिनके काम पर हमें गर्व होता है, पर कुछ जज ऐसे भी हैं, जो हमें निराश कर रहे हैं। जजों की पीठ ने कहा कि कई जज ऐसे हैं, जो लगातार काम नहीं करते हैं। आमतौर पर चाय ब्रेक, कॉफी ब्रेक, इस ब्रेक, उस ब्रेक के लिए उठते हैं। जज केवल दोपहर के भोजन के लिए ब्रेक क्यों नहीं लेते। इससे वे बेहतर प्रदर्शन भी करेंगे और बेहतर परिणाम भी दे पाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी झारखंड हाईकोर्ट के एक मामले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते समय की है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटीश्वर सिंह की पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वैसे जज जिनकी शिकायतें सुप्रीम कोर्ट तक आ रही हैं।

- झारखंड से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत की पीठ ने जताई चिंता
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मामलों को लटकाना ठीक नहीं
- हाईकोर्ट ने 2022 से सुरक्षित रखा था फैसला

सात जिला जजों के डिमोशन पर 'सुप्रीम' रोक

बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के सात जिला जजों को डिमोट कर सब-जज बनाने की कार्रवाई पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी है। साथ ही इस मामले में राज्य सरकर को नोटिस कर अपना पक्ष पेश करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने सात जिला जजों को सब-जज के रूप में डिमोट करने की अनुशंसा राज्य सरकार से की थी। इसकी सूचना प्रभावित होने वाले जिला जजों को भी दी गयी थी। इसके बाद जिला जज पुरुषोत्तम कुमार गोस्वामी सहित अन्य ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इसमें उन्हें डिमोट करने की अनुशंसा को गलत बताया गया था। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एमएम सुंदरेश और न्यायाधीश राजेश बिंदल की पीठ में इस याचिका की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद न्यायालय ने प्रतिवादी को नोटस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही अगले आदेश तक जिला जजों को सब-जज के पद पर डिमोट करने की कार्रवाई पर रोक लगा दी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 और 2023 में सब-जज को जिला जज में प्रमोट किया गया था।

- राज्य सरकर को नोटिस देकर अपना पक्ष पेश करने का दिया निर्देश
- झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से की थी डिमोशन की अनुशंसा

संस्था की भारत में प्रतिनिधि सिन्थिया ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट

यूनिसेफ को मदद करेगी सरकार : हेमंत सोरेन

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेंस फंड (यूनिसेफ) की भारत में प्रतिनिधि सिन्थिया मैकेकेफरी ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हुई इस मुलाकात के अवसर पर उन्होंने झारखंड में बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ की ओर से संचालित योजनाओं, कार्यों एवं गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। यूनिसेफ प्रतिनिधि ने बाल अधिकारों के संरक्षण, शिक्षा ,स्वास्थ्य और उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए बेहतर माहौल बनाने के लिए राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यूनिसेफ के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

बच्चों में कुपोषण और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याएं दूर करने के लिए हो रहा काम

हमारी सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे राज्य के बच्चे हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ें, इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। जब तक बच्चे स्वस्थ और सुरक्षित नहीं रहेंगे, तब तक उनके विकास की बात नहीं हो सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार बच्चों में कुपोषण और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है।

बेहतर जीवन देने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ को सरकार की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। सभी के सहयोग से इस राज्य के बच्चों को बेहतर जीवन देने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर यूनिसेफ, झारखंड की प्रमुख कनिका मित्रा और कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट आस्था अलंग भी मौजूद थीं।

मणिपुर में सुरक्षा बलों के हत्थे चढ़े 16 उग्रवादी व तीन हथियार तस्कर

IMPHAL : बुधवार को मणिपुर में सुरक्षा बलों के सघन तलाशी अभियान के दौरान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के 16 कैडर और तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने सुबह बताया कि इन सभी को थौबल, बिष्णुपुर, इंफाल ईस्ट और तेंगनौपाल जिलों में पकड़ा गया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, तेंगनौपाल जिले के योंगखुल गांव के पास सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें पीएलए के चार, केसीपी के दो और केवाईकेएल का एक कैडर शामिल हैं। इनकी पहचान लूरेम्बम मनोरंजन, चिंगंगबम संतोष, सोरम गुम्बा उर्फ तोनबा, नगसेपम मोमोन उर्फ लुहेनबा (पीएलए), लैफरकपम धनंजय सिंह, कोनसाम मनीचंद्र (केसीपी), और लैश्रम रोजित (केवाईकेएल) के रूप में हुई है। इसके अलावा थौबल जिले में केसीपी (पीडब्ल्यूजी) से जुड़े हुइड्रोम जीबन (45) को लिलोंग नुंगेई से गिरफ्तार किया गया।

- सघन तलाशी अभियान के दौरान 5 जिलों से हुई है इनकी गिरफ्तारी
- आम जनता को धमकाकर वसूली करता था पीडब्ल्यूजी से जुड़ा हुइड्रोम जीबन

बड़ी तैयारी नई टेक्नोलॉजी से दुश्मनों का सामना करने का कारगर प्लान

जवानों के जोखिम कम करने के लिए भारत बना रहा स्पेशल रोबोट

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : 22 अप्रैल को आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हमला किया था। 26 निर्दोष पर्यटकों को की जान ले ली गई थी। उसके बाद पूरी तैयारी के साथ इंडियन आर्मी ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सौ आतंकी मार डाले गए। यह इंडियन डिफेंस सिस्टम की उच्चतम तकनीक का परिणाम था। पूरी दुनिया के सामने भारत ने साबित कर लिया की प्रतिरक्षा क्षेत्र में भारत नवीनतम तकनीक को डेवलप कर चुका है और लगातार इसे आगे बढ़ाने की ओर कदम सक्रिय हैं। देश के रोबोटिक साइंस ने जवानों के जोखिम कम करने के लिए एक नए मानव रोबोट का निर्माण शुरू किया है, जो भविष्य की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन यानी रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिक सैन्य अभियानों के लिए विशेष मानव रोबोट बनाने पर काम रहे हैं। भविष्य में सैनिकों की सुरक्षा की दृष्टि से मानव रोबोट काफी कारगर साबित होगा।

लक्ष्य को अंजाम तक पहुंचाने को लंबे समय से मेहनत कर रही डीआरडीओ की टीम

भविष्य में सैनिकों की सुरक्षा की दृष्टि से अभेद्य कवच के निर्माण की प्रक्रिया जारी

- सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी फॉर एडवांस्ड रोबोटिक्स सेंटर निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका
- रोबोट के ऊपरी और निचले हिस्से के लिए विकसित किए गए अलग-अलग प्रोटोटाइप



खतरनाक वातावरण में भी सुरक्षा, सैनिकों की जगह लेगा रोबोट

- हर परिस्थिति को मजबूती से फेस करने के लिए कहीं भी हो सकेगी तैनाती
- सीधे इंसानों के आदेश के तहत जटिल से जटिल काम को अंजाम देंगे रोबोट

डाटा प्रोसेसिंग व जमीनी स्तर का काम

तलोले ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक यह सुनिश्चित करना है कि रोबोट कार्यों को सुचारू रूप से कर सके, जिसके लिए संतुलन, तेजी से डाटा प्रोसेसिंग और जमीनी स्तर पर कार्य में महारत हासिल करना आवश्यक है। गौरतलब है कि इस तरह का रोबोट भारतीय सेना के लिए आने वाले समय में गेमचेंजर साबित हो सकता है। इससे न केवल सैनिकों की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि तकनीक के मोर्चे पर भारत की आत्मनिर्भरता को भी ताकत मिलेगी।

भ्रष्टाचार : सीबीआई की टीम ने की कार्रवाई

सीसीएल का सेफ्टी ऑफिसर ₹10000 घूस लेते गिरफ्तार

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) की टीम ने 10 हजार रुपये घूस लेते सीसीएल के सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद को रंगे हाथ अरेस्ट कर लिया। वह सीसीएल के सिरका कोलियरी में पदस्थापित है। कोलियरी के जगदीश प्रसाद नाम के कर्मचारी ने सीबीआई को लिखित शिकायत की थी। इसमें सेफ्टी ऑफिसर पर यह आरोप लगाया गया था कि वह जगदीश को उस पर लगे आरोपों से मुक्त करने के लिए घूस मांग रहा है। सीबीआई ने शिकायत की जांच की और सही पाया। इसके बाद सेफ्टी ऑफिसर को घूस लेते गिरफ्तार करने के उद्देश्य से सीबीआई टीम का गठन किया गया। टीम ने सेफ्टी ऑफिसर को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ़्तार कर लिया। इसके बाद सीबीआई अधिकारियों ने उसके घर की तलाशी शुरू की।

- घर की ली गई तलाशी सिरका कोलियरी में पदस्थापित है राजेंद्र प्रसाद
- कोलियरी के जगदीश प्रसाद नाम के कर्मचारी ने की थी लिखित शिकायत

गिरिडीह में तीन सड़क हादसों में चार की हुई मौत

पुराना ब्लॉक ऑफिस, ताराटांड़ व मधुबन थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना

PHOTON NEWS GIRIDIH : गिरिडीह जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। एक हादसे में डोर स्टेप डिलीवरी वाहन पलट गया, जबकि दूसरे हादसे में एक छात्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वहीं एक वृद्ध की चाय की दुकान से लौटते समय दुर्घटना में मौत हो गई।

पहला हादसा गिरिडीह के पुराने ब्लॉक स्थित जेएसएफसी गोदाम से जुड़ा है। यहां से सरकारी अनाज को पीडीएस डीलर तक पहुंचाने के लिए एक डोर स्टेप डिलीवरी वाहन निकला था। यह वाहन मरांगबुरु स्थित स्वयं सहायता समूह और लखीराम हेंब्रम डीलर को अनाज सुपुर्द कर लौट रहा था। लौटते समय जीतकुंडी के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

इस दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान खैरागढ़ा निवासी जयलाल महतो और जामतारा निवासी असगर अंसारी के रूप में हुई है। एक अन्य व्यक्ति को हल्की चोटें आई हैं।

पुलिस जांच जारी, स्थानीय लोगों में आक्रोश

तीनों घटनाओं के बाद संबंधित थाना क्षेत्रों की पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। डोर स्टेप डिलीवरी वाहन पलटने की जांच की जा रही है कि हादसा तकनीकी खामी के कारण हुआ या लापरवाही के चलते। वहीं, छात्र और वृद्ध की मौत के मामलों में अज्ञात वाहनों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

दूसरा हादसा ताराटांड़ थाना क्षेत्र में हुआ। यहां झरहा निवासी निलेश नामक युवक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। निलेश, शिबू सोरेन इंटर कॉलेज का छात्र था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

तीसरी घटना मधुबन थाना क्षेत्र की है। मंगरगड़ी निवासी 70 वर्षीय सोनाराम महतो को एक तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। उस समय वह चाय पीकर अपने घर लौट रहे थे। हादसे के बाद उन्हें डुमरी रेफरल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और मुआवजे की मांग करने लगे।

रोड एक्सीडेंट में पिता-पुत्र घायल, बेटे की गई जान

PALAMU : पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के जुड़वा कला गांव निवासी केदार भुइयां का पुत्र कुंदन कुमार (12) वर्ष की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पिता केदार भुइयां (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात करीब आठ बजे केदार भुइयां और पुत्र कुंदन भुइयां डालटनगंज से टेंपो पर सवार होकर घर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में नौडीहा गांव में टेंपो से उतर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे ईंट लदे ट्रैक्टर ने दोनों पिता पुत्र को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर के धक्के से पुत्र कुंदन भुइयां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पिता केदार भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पाटन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। घायल केदार भुइयां को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। इलाज के बाद भी केदार भुइयां की हालत में गंभीर बनी हुई। इधर बुधवार दोपहर एक बजे कुंदन भुइयां के शव का पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर बैठे परिजन व अन्य ● फोटोन न्यूज

तिलैया डैम में गिरी कार, एक का मिला शव

PHOTON NEWS KODERMA : कोडरमा जिले के सीमा पर स्थित जवाहर घाट में बुधवार सुबह एक बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त होकर जवाहर पुल के नीचे तिलैया डैम में जा गिरी। इसमें दो लोगों के मौत होने की सूचना है, जिसमें एक व्यक्ति का शव बरामद हो चुका है जबकि दूसरे के शव की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार राहुल सोनकर नामक व्यक्ति जो फल विक्रेता है, अपने मित्र आशीष और अपने मुंशी सौरव तथा ड्राइवर संदीप के साथ बीती रात कोडरमा से बरही एक शादी समारोह में शरीक होने के लिए गए हुए थे। बुधवार की अहले सुबह सभी वापस अपने घर झुमरीतिलैया लौट रहे थे। इसी बीच जवाहर घाटी में तिलैया डैम पर बने पुल पर उनकी बोलेरो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी देते हुए सौरव शर्मा के मित्र ने बताया कि जिस जगह पर यह घटना घटी है। उसी जगह पर बीती रात एक ट्रक भी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। जब ये लोग बरही से लौट रहे थे तो उस ट्रक के पास इन्हें एक बड़ी गाड़ी ने चकमा दे दिया। जिससे इनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और डैम में जा गिरी। जिसमें दो लोग सौरव और संदीप किसी प्रकार से बोलेरो से बाहर निकलकर पानी से बाहर आए, वहीं राहुल और आशीष की बोलेरो के अंदर ही मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि ये दोनों किसी प्रकार से ऑटो पकड़कर सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। जहां संदीप का प्रारंभिक उपचार करने पश्चात उसे घर भेज दिया गया। वहीं सौरव का ईलाज जारी है। इधर जिस ट्रक की उक्त जगह पर दुर्घटना हुई थी, उसके चालक के मुताबिक बोलेरो काफी तेज रफ्तार में बरही की ओर से आ रही थी। बोलेरो की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि जवाहर घाटी में बने पुल पर लगे दो रेलिंग को तोड़ते हुए गाड़ी डैम में जा गिरी। उक्त चालक ने बताया कि उसमें से दो लोग डैम से बाहर आए और एक ऑटो पर बैठकर झुमरीतिलैया की ओर भागे। इधर घटना की सूचना पाकर बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और बरही थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और क्रेन मंगवाकर डैम में डूबे बोलेरो को बाहर निकलवाया। वहीं डैम से राहुल सोनकर का शव भी बरामद किया गया। इधर राहुल का एक अन्य साथी आशीष का शव अभी डैम में ही होने की बात कही जा रही है जिसकी तलाश जारी है।

कार को निकालती हाइड्रा मशीन

कोडरमा सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विकास गौरव ने बताया कि सौरव की हालत नाजुक है, इसलिए उसे रांची के रिम्स रेफर किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार सौरव को सुबह उसके एक मित्र ने घायल अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया था।

BRIEF NEWS

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा कल

CHAIBASA : ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर चाईबासा में 16 मई को सेना के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, जिला चुनाव प्रभारी अशोक सिंह तथा तिरंगा यात्रा के प्रदेश टोली सदस्य अभय सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद व जिला अध्यक्ष संजय पांडे भी थे।

बिजली संकट को लेकर दूसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन

PALAMU : पलामू जिले के पांकी प्रखंड में बिजली आपूर्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण आम लोगों को पीने के पानी, सिंचाई, पढ़ाई और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर बिजली के पोल और तार इतने जर्जर हो चुके हैं कि वे कभी भी जानलेवा हादसों को न्योता दे सकते हैं। इन समस्याओं के खिलाफ भाकपा (माले) प्रखंड कमेटी और पांकी मध्य क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी के नेतृत्व में बुधवार को दूसरे दिन भी ग्रामीणों एवं छात्रों ने बिजली विभाग कार्यालय के समक्ष धरना दिया। अध्यक्षता राजकुमार सिंह ने की और संचालन भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव महेंद्र राम ने किया। धरना को पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल, मुखिया नेहाल, नौडीहा के समाजसेवी इकबाल अंसारी सहित पांकी के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों एवं आइसा के छात्रों का समर्थन मिला। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में लाइनमैन नहीं होने के कारण मरम्मत कार्यों में भारी देरी होती है।

स्कूल में 99 छात्रों की हुई फ्लोरोसिस जांच

RAMGARH : राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को रामगढ़ जिले के महात्मा गांधी हाई स्कूल भुरकुंडा में जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 99 छात्रों की फ्लोरोसिस जांच की गई। सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद और जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम डॉ० तुलिका रानी की ओर से संयुक्त नेतृत्व में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराईड की जांच की गयी। डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल के द्वारा 99 बच्चे की जांच की गई। कुल 19 बच्चों में जांच के बाद लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लिए गए। लैब टेक्नीशियन जीतेन्द्र कुमार ने जांच के बाद नौ बच्चों में इस बीमारी की पुष्टि की।

नशा उन्मूलन बना सामाजिक आंदोलन गांव-गांव में चल रही जागरूकता मुहिम

पुलिस प्रशासन भी कर रही है कड़ी कार्रवाई, अब तक 10 की हुई गिरफ्तारी

PHOTON NEWS LATEHAR : जिला प्रशासन द्वारा नशे के विरुद्ध चलाया जा रहा विशेष अभियान अब केवल प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित न रहकर एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है। अफीम और अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ इस मुहिम को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे यह अभियान और भी प्रभावशाली हो उठा है।

उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने इस मुहिम को जन-जन की जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि नशा केवल युवाओं का भविष्य ही नहीं छीनता, बल्कि सामाजिक संरचना को भी गहरे स्तर पर प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि अफीम व अन्य नशीले पदार्थों की खेती, भंडारण और अवैध कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता

प्रशासन के अनुसार पुलिस, उत्पाद एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से अब तक कई गांवों में छापेमारी की गई है, जहां संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई गई है। कार्रवाई के तहत अब तक 10 लोगों की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। नशे के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत भवनों व सामुदायिक केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है और उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

उपायुक्त ने अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के सभी जिम्मेदार नागरिकों से अपील की है कि वे बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध जानकारी की सूचना प्रशासन को तुरंत बताएं।

याद किए गए अमर बलिदानी बैकुंठ शुक्ल

JAMSHEDPUR : नमन परिवार द्वारा इस वर्ष भी अमर बलिदानी, मां भारती के वीर सपूत बैकुंठ शुक्ल की पुण्यतिथि मनाई गई, जिसमें महिलाओं, युवाओं सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह ने कहा कि बैकुंठ शुक्ल का जीवन देशभक्ति, साहस और आत्मबलिदान की एक अनुपम मिसाल है। रामकेवल मिश्रा ने कहा कि जिस प्रकार बैकुंठ शुक्ल ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, वैसी ही निष्ठा हमें अपने कर्तव्यों में दिखानी चाहिए। उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में जसवंत सिंह भोमा, जंबू अखाड़ा के बंटी सिंह, भाजपा, जमशेदपुर महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष राजपति देवी, पूर्व अध्यक्ष नीरु सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने बैकुंठ शुक्ल के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान एवं उनकी देशभक्ति पर प्रकाश डाला।

माधुरी के जन्मदिन पर तीन जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

साकची में माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर शिवचर्चा करतीं महिलाएं

JAMSHEDPUR : धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित के जन्मदिन पर बुधवार को तीन जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। पप्पू सरदार ने माधुरी के जन्मदिन पर दो दिवसीय आयोजन किया है। इसके तहत पहले दिन साकची हंडी लाईन स्थित मनोहर चाट दुकान में बुधवार शाम 4 बजे से माधुरी की लंबी उम्र के लिए पं. संतोष कुमार त्रिपाठी ने पूजा-अर्चना की। शाम 6 बजे से डॉली एंड रीता ग्रुप की महिलाओं ने शिव चर्चा की। रात 10 बजे जरूरतमंद तीन जोड़ों का विवाह हुआ, जिसमें सुलेखा प्रमाणिक संग खाकन मद्रिना, रेखा कुमारी संग नवीन डे और सुमिता तंतुबाई संग नयन तंतुबाई ने एक-दूसरे का हाथ थामा। इस दौरान तीनों जोड़ों के परिजनों समेत कई गणमान्य उपस्थित थे। विवाह के बाद रात 12 बजे तीनों जोड़ों ने केक काट कर माधुरी दीक्षित का जन्मदिन मनाया। पप्पू सरदार ने तीनों जोड़ों को घर-गृहस्थी में रोजाना प्रयोग में आने वाली कई सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की।

दस दिनों से केमिकल नहीं पैथोलॉजी की कई जांच बंद

DHANBAD : शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में 10 दिनों से केमिकल नहीं है। इस वजह से मरीजों के कई ब्लड सैंपल की जांच नहीं हो पा रही है। विभिन्न ब्लड की जांच अलग-अलग केमिकल से की जाती है। इधर जांच नहीं होने के कारण बुधवार को मरीजों ने पैथोलॉजी विभाग के बाहर हंगामा किया। बलियापुर से आए किशोर महतो ने बताया कि ब्लड जांच के लिए यहां पर कोई व्यवस्था नहीं है। केंद्र पर बताया गया कि यहां पर कई जांच नहीं हो रहे हैं। बाहर से जांच करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे में गरीब मरीज बाहर में जाकर इलाज कैसे करेंगे। इसकी शिकायत कई मरीज ने मेडिकल कॉलेज के जरिए अधिकारियों को की है।

सैंपल के लिए भटक रहे मरीज

ओपीडी में हर दिन 1200 से 1300 मरीज का इलाज हो रहा है। इसमें लगभग डेढ़ सौ मरीजों को विभिन्न प्रकार के पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच के लिए डॉक्टर लिख रहे हैं। लेकिन पैथोलॉजी विभाग में पूरी सेवा नहीं होने के कारण मरीजों को परेशानी हो रही है। यहां पर कोलेस्ट्रॉल, किडनी प्रोफाइल, यूरिक एसिड, समेत कई जांच बाधित हो गए हैं।

हमेशा रहती है केमिकल की कमी

मेडिकल कॉलेज में टेंडर के माध्यम से एजेंसी केमिकल की आपूर्ति करती है, लेकिन हमेशा केमिकल की कमी हो जाती है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार गिंदौरिया ने बताया कि समस्या जल्द दूर कर ली जाएगी, सभी मरीजों की जांच होगी।

आईजी अखिलेश झा ने नक्सल विरोधी अभियान में दिए निर्देश

CHAIBASA : पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र-रांची अखिलेश झा ने मंगलवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत सारंडा का दौरा किया था, जिसमें उन्होंने नक्सल विरोधी अभियान पर दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान आईजी ने सारंडा वन क्षेत्र में विभिन्न कैंपों व थानों का भ्रमण किया। छोटानागरा थाना अंतर्गत सीआरपीएफ कैंप में रात्रि विश्राम किया। इसके बाद आईजी बुधवार को जिला मुख्यालय चाईबासा में समीक्षा बैठक कर रांची लौट गए। बैठक में कोल्हान के डीआईजी मनोज रतन चौथे, पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर, एएसपी अभियान पारस राणा, अपर पुलिस अधीक्षक, चतरा (प्रतिनियुक्ति पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा) ऋत्विक श्रीवास्तव सहित सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस निरीक्षक उपस्थित थे।

सड़क जाम कर रहे लोगों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

AGENCY LATEHAR : जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र निवासी सुखन प्रसाद (55) की मौत बुधवार की सुबह संदिग्ध अवस्था में हो गई। मृतक सुखन प्रसाद के परिजनों का आरोप है कि दो दिन पूर्व लातेहार पुलिस के जरिये बिना किसी कसूर के उनकी पिटाई कर दी गई थी । इससे यह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लातेहार पुलिस की पिटाई के कारण उनकी मौत हुई है। इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 39 को लगभग एक घंटे तक जाम रखा। बाद में जाम हटाने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करनी पड़ी । परिजनों ने बताया कि उनके गांव में जमीन विवाद का एक मामला चल रहा था। रविवार की रात लगभग 11 बजे पुलिस गांव में पहुंची और पंकज प्रसाद तथा दो अन्य ग्रामीणों के घर में घुसकर घर में उपस्थित लोगों के साथ जमकर मारपीट की थी। सुखन प्रसाद भी अपने दामाद पंकज प्रसाद के घर आए हुए थे। पुलिस ने उनकी भी पिटाई कर दी थी । इससे सुखन प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बुधवार को अचानक उनकी मौत हो गई। घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने लातेहार जिला मुख्यालय में रांची डालटेनगंज मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम जाम स्तर पर पहुंची और लोगों को समझने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण इस बात पर अड़े हुए थे कि दोषी पुलिसकर्मियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। डीएसपी के जरिये ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया जा रहा था कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

भीड़ को समझाते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

बोकारो में लू लगने से मजदूर की मौत

BERMO : बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल स्थित थाना के समीप स्थित महावीर मंदिर के समक्ष बुधवार को लू लगने से मजदूर की मौत हो गई। मौत के बाद उसका शव लावारिस हालत में मंदिर के सामने धूप में पड़ा था। मृतक मजदूर की पहचान यूपी निवासी पच्चू लाल के रुप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त मजदूर बुधवार को तेज धूप एवं गर्मी से बचने को लेकर महावीर मंदिर की सीढ़ियों पर आकर दोपहर करीब 11.30 बजे बैठा था। गर्मी एवं तेज धूप की बेचैनी को लेकर उसने अपने जूते उतार दिए। कुछ देर के बाद वह सीढ़ियों से नीचे लुढ़ककर गिर गया। मंदिर में पूजा करने आए लोगों एवं आसपास के लोगों ने समझा कि उसने शराब पी रखी है और नशे में ही गिर गया है, जिसके कारण किसी ने भी उसकी सुध नहीं ली। दोपहर लगभग एक बजे मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना सच्चिदानंद यादव को दी।

मंदिर के बाहर पड़ा शव

उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव के निर्देश पर अवर निरीक्षक भागीरथ शर्मा व राजेंद्र प्रमाणिक ने आकर जांच की तो पाया कि उसकी मौत हो गयी है। पुलिस पदाधिकारी उसे ऑटो से डीवीसी हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में उक्त लावारिस मजदूर की शिनाख्त डीवीसी के बी-पावर प्लांट के स्क्रैप कटिंग का कार्य करने वाली कंपनी राधा स्मेल्टर्स के उप-संवेदक इकबाल के मजदूर पच्चू लाल के रूप में की गई, जो यूपी का रहने वाला था। संवेदक का कहना था कि यह मजदूर पिछले तीन दिन से पावर प्लांट की कटिंग के कार्य में ड्यूटी पर नहीं आ रहा था। बुधवार को सूचना मिलने पर उनलोगों ने हॉस्पिटल जाकर मजदूर के शव की शिनाख्त की। संभावना व्यक्त की जा रही है कि मजदूर की मौत लू लगने से हो गई।

डीवीसी के सप्लाई मजदूर की मौत

BERMO : बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट के सप्लाई मजदूर 56 वर्षीय कृष्णा गोपाल की मौत बुधवार को हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि केसी कंस्ट्रक्सन में कार्यरत उक्त सप्लाई मजदूर की तबीयत बुधवार की सुबह अचानक से बिगड़ गई। उसके परिजन तत्काल उसे डीवीसी के स्थानीय हॉस्पिटल ले गए, लेकिन .हॉस्पिटल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त मजदूर का कुछ माह पूर्व ही विभागीय तबादला करते हुए भू-संपदा विभाग से डीवीसी मिडल स्कूल किया गया था। मृतक मजदूर दिल का मरीज था। वह अपने पीछे पत्नी के अलावा दो पुत्री छोड़ गया है। बुधवार को ही मजदूर का अंतिम संस्कार स्थानीय कोनार नदी घाट पर कर दिया गया।

मुखी समाज का किया गया विस्तार

JAMSHEDPUR : धतकीडीह स्थित मेडिकल बस्ती के मुखी समाज भवन में बुधवार को बैठक हुई, जिसमें मुखी समाज का विस्तार किया गया। इसमें महिला जिलाध्यक्ष सुनीता मुखी, युवा जिलाध्यक्ष विकास मुखी, महासचिव त्रिनाथ मुखी, केंद्रीय सचिव नितिन मुखी व कमलेश मुखी और सह मीडिया प्रभारी अरविंद मुखी को बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भास्कर मुखी ने की, जबकि संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष शंभू मुखी डूंगरी व धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश प्रवक्ता बिट्टू मुखी ने किया। इस दौरान केंद्रीय सदस्य परमेश्वर मुखी, शियम करुवा, कुंदन मुखी, सूरज करुवा, सोना मुखी, नरेश मुखी, मोना मुखी, राजू मुखी, महादेव, संदीप आदि भी उपस्थित थे।

सुसाइड प्रिवेंशन सेंटर की अभिभावकों से अपील- बच्चों पर दबाव नहीं, सहयोग दें

करियर से जुड़े तनाव को कम करने की पहल

PHOTON NEWS JSR : जैसे-जैसे कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले की प्रक्रिया तेज हो रही है, वैसे ही छात्रों और अभिभावकों पर मानसिक दबाव भी बढ़ता जा रहा है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए 'जीवन सुसाइड प्रिवेंशन सेंटर' ने अभिभावकों से अपील की है कि वह बच्चों पर किसी प्रकार का दबाव न बनाएं।

यह पहल खासतौर पर उन छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए है, जो कॅरियर को लेकर असमंजस, कॉलेज चयन में भ्रम, या अत्यधिक अपेक्षाओं के कारण मानसिक दबाव में हैं। संस्था का मानना है कि अगर सही समय पर मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग मिले, तो छात्र न केवल बेहतर निर्णय ले सकते हैं, बल्कि आत्महत्या जैसे खतरनाक कदमों से भी बच सकते हैं।

बिष्टुपुर स्थित 'जीवन' का कार्यालय ● फोटोन न्यूज

जीवन के अनुसार, हर साल दाखिले के समय हम देखते हैं कि कई छात्र मानसिक रूप से टूट जाते हैं। हमें समझना होगा कि हर छात्र की क्षमता अलग होती है। हम इसी सोच के साथ काम कर रहे हैं कि दबाव नहीं, सहयोग दें। केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया है कि अभिभावकों की भूमिका सिर्फ दाखिले की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें बच्चों की भावनाओं और असमंजस को समझने की भी जरूरत है। ज्यादा अंक लाने या प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश दिलाने का सामाजिक दबाव, कई बार अवसाद और आत्महत्या की स्थिति तक पहुंचा देता है। इस संदर्भ में, संस्था द्वारा स्कूलों, कॉलेजों और समुदाय स्तर पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

'जीवन का यह कदम दशार्ता है कि समस्या सिर्फ छात्र की नहीं, बल्कि समाज की भी है, जो प्रतिस्पर्धा, तुलना और प्रदर्शन के बोझ से बच्चों को दबा देता है। संस्था का प्रयास है कि मानसिक स्वास्थ्य को मुख्यधारा की चर्चा का हिस्सा बनाया जाए और हर छात्र को यह भरोसा दिलाया जाए कि उसका जीवन अनमोल है।

तनाव की स्थिति में जीवन के फोन 9297777499 या 9297777500 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, व्यक्ति 25, क्यू रोड, बिष्टुपुर स्थित जीवन केंद्र में आमने-सामने परामर्श कर सकते हैं। जीवन, जो आत्महत्या की रोकथाम और मानसिक स्वास्थ्य सहायता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है, वर्षों से वह संकटग्रस्त व्यक्तियों तक पहुंच रहा है।

BRIEF NEWS

श्री-श्री यूनिवर्सिटी में इंस्टीट्यूट ऑफ फ्यूचर इंटेलिजेंस एंड इनोवेशन की स्थापना

RANCHI : श्री-श्री रविशंकर के पावन जन्मदिवस पर ओडिशा के कटक स्थित श्री श्री विश्वविद्यालय ने श्री श्री इंस्टीट्यूट ऑफ फ्यूचर इंटेलिजेंस एंड इनोवेशन की स्थापना की घोषणा की। इसका उद्घाटन समारोह बेंगलुरु के आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुआ। यह संस्थान नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल परिवर्तन, सृजनात्मक नवाचार और भविष्य के नेतृत्व के लिए रूपांतकारी शिक्षा व अनुसंधान को समर्पित होगा। इसका उद्देश्य भावी नेतृत्वकताओं को तकनीकी कौशल के साथ-साथ स्पष्टता, करुणा और उद्देश्य की भावना से तैयार करना है। श्री श्री विश्वविद्यालय की टीम ने उद्घाटन समारोह में कहा कि तकनीक मानवता की सेवा में होनी चाहिए, न कि मानवता तकनीक की। संस्थान में भविष्योन्मुख डिग्री कार्यक्रम, उन्नत अनुसंधान प्रयोगशालाएं, स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर और वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग की व्यवस्था होगी। साथ ही यह मंच सामाजिक संवाद और समावेशी पहलों के माध्यम से सामुदायिक भागीदारी को भी प्रोत्साहित करेगा।

एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने 10वीं-12वीं में किया शानदार प्रदर्शन

RANCHI : एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने इस वर्ष के सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं के सुकून शौर्य ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर का खिताब हासिल किया है, वही आयुष रंजन ने 90 प्रतिशत और अभिषेक कुमार ने 89.8 प्रतिशत लाकर द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य शादान आलम, निदेशक कुणाल कश्यप और सचिव अनुज हेंब्रम ने बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताई और उन्हें बधाई दी। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। वहीं 12वीं साइंस स्ट्रीम में अभिज्ञ कुमार 95 प्रतिशत, प्राची सिंह 94 प्रतिशत और स्वर कुमार 90 प्रतिशत मिले हैं। वहीं 12वीं कॉमर्स स्ट्रीम में उज्जवल पोद्दार 86.2 प्रतिशत, सौम्या कुमारी 83 प्रतिशत और ऋषि राज सिंह 75.4 प्रतिशत नंबर हासिल किया है।

हेसल में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

RANCHI : पिस्का मोड़ स्थित हेसल जतरा मैदान नॉर्थ के निकट श्री हेसल हनुमान मंदिर के सामने गली नंबर 3 में श्री श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं और महिलाओं की भागीदारी से धार्मिक वातावरण गूंज उठा। कथा का आयोजन 14 से 21 मई तक होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य अतुल द्विवेदी जी श्री मद भागवत कथा का पाठ करेंगे। कार्यक्रम आयोजक संजीव कुमार सिंह (चुन्नू सिंह) ने बताया कि यह आयोजन वैश्विक शांति और सामाजिक सौहार्द के उद्देश्य से किया गया है। कार्यक्रम में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक प्रसंगों की कथा होगी, जैसे प्रह्लाद चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव, महारास, कंस वध, सुदामा चरित्र आदि। 21 मई को कथा समापन के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से नीतू सिंह, कृष्णा पांडेय, रीता सिन्हा समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

RANCHI : बेड़ो थाना क्षेत्र के लोहरदगा मार्ग स्थित प्रखंड कॉलोनी के समीप मंगलवार की देर रात एक बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। मृतक की पहचान नरकोपी थाना क्षेत्र के डोरंडा पीपर टोली निवासी 30 वर्षीय सुखराम मुंडा के रूप में हुई है। वह कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष अर्जुन मुंडा का भतीजा था। जानकारी के अनुसार, सुखराम मुंडा अपाची बाइक से कहीं जा रहा था, तभी रात करीब 10:30 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पीसीआर हाईवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुखराम को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया, लेकिन एम्बुलेंस 108 समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण काफी विलंब हुआ।

केंद्रीय वित्त आयोग से अतिरिक्त सहायता राशि की मांग करेगी हेमंत सरकार

चार दिवसीय दौरे पर 28 मई को रांची पहुंच रहा है आयोग का दल

PHOTON NEWS RANCHI : हेमंत सरकार राज्य के चहुंमुखी विकास पर लगातार ध्यान दे रही है। उग्रवाद के खिलाफ एक ओर अभियान चलाया जा रहा है, तो दूसरी ओर इससे प्रभावित क्षेत्र के विकास पर भी फोकस करने का प्लान है। जानकारी के अनुसार, 16वें वित्त आयोग की टीम 28 मई को चार दिवसीय दौरे पर रांची आएगी। आयोग झारखंड की स्थिति को लेकर राज्य सरकार व राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेगी। राज्य सरकार मांगपत्र को फाइनल करने में जुट गई है। 29 व 30 मई को आयोग की टीम और राज्य सरकार के अधिकारियों की बैठक होगी। आयोग की टीएम फील्ड विजिट भी करेगी। राज्य सरकार आयोग के सामने राज्य की जरूरत के मुताबिक आर्थिक सहायता की तस्वीर पेश करेगी। इसमें विभागों की आवश्यकता बताई जाएगी।

उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए खर्च करने पर किया जाएगा फोकस

झारखंड की स्थिति पर राज्य सरकार व राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेगा आयोग

- 29 व 30 मई को राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी केंद्रीय टीम
- बोले वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर- बंद हैं केंद्रीय सहायता से चलने वाली कई योजनाएं

उग्रवाद प्रभावित इलाकों में पैदा करने होंगे रोजगार के अवसर : राधाकृष्ण

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया है कि कि 16वें वित्त आयोग से झारखंड सरकार बंद हो चुकी एसआरई (सिक्योरिटी रीजन एक्सपेंडीचर) और विशेष केंद्रीय सहायता की राशि की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने मान लिया है कि राज्य में उग्रवाद नियंत्रित हो गया है। इसका अर्थ यह नहीं कि पुलिसिया कार्रवाई के बाद उग्रवाद हमेशा के लिए खत्म रहेगा। उग्रवाद परिवेश में रहने वाले लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की योजना चलानी होगी। रोजगार के अवसर बनाने होंगे। आवागमन की व्यवस्था पर काम करना होगा। प्राथमिक विद्यालय से लेकर स्वास्थ्य केंद्रो को मजबूत बनाना होगा। ऐसा आधारभूत संरचना तैयार करना होगा कि लोगों को प्रशासनिक न्याय भी मिले। यदि ऐसी स्थिति नहीं बनेगी तो कभी भी फिर से उग्रवाद पनप सकता है। उन्होंने कहा कि उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के लिए एसआरई और विशेष केंद्रीय सहायता से योजनाएं चलाई जाती थीं। वे बंद हो गई है।

नदियों में बरसात का पानी रोकने का प्लान

वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड सूखा प्रभावित राज्य है। राज्य में पीने का पानी से लेकर सिंचाई के लिए भी जल संकट है। शहरी क्षेत्र में भी पानी आपूर्ति एक समस्या है। प्रत्येक वर्ष भू-जलस्तर नीचे जा रहा है। 11 नदी बेसिन यहां हैं, लगभग सभी नदियां वर्षा आधारित हैं। बरसात के पानी को संग्रहण करने के लिए आर्थिक सहयोग की जरूरत है। राज्य सरकार अपने बूते बड़ी परियोजनाओं को नहीं तैयार कर सकती है। वर्षा पानी के संग्रहण के लिए आर्थिक सहायता भी मांगी जाएगी। जलस्तर को मजबूत करने के लिए पैसे की जरूरत होगी। यदि इस पर केंद्र और राज्य सामूहिक रूप से ध्यान नहीं देंगे, तो अगले 20 वर्षों में राज्य में पेयजल के लिए हाहाकर मच जाएगा। जल संचयन की योजनाओं के लिए केंद्र और आयोग से राशि की मांग की जाएगी।

'भारत माता की जय' के नारे की लंबे समय तक सुनाई पड़ती रही गूंज

भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा जवानों के शौर्य को किया नमन

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को देश के अन्य राज्यों की तरह झारखंड की राजधानी रांची में भी भारतीय जनता पार्टी ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा के माध्यम से भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सेना के जवानों के शौर्य को नमन किया और उनके प्रति आभार जताया। यात्रा में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शामिल हुए। यात्रा के दौरान सभी ने 'भारत माता की जय' के नारे लगाए और बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की फिल्म 'गदर' के डायलॉग भी बजाए। यह तिरंगा यात्रा शहीद चौक से निकलकर कोकर स्थित डिस्टलरी के समीप बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर संपन्न हुआ। भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर भाजपा नेताओं ने धरती आबा को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने कहा कि धरती आबा का जीवन और समाज के लिए समर्पण हम सबके लिए प्रेरणादायी है।

शहीद चौक से निकलकर कोकर स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर संपन्न हुई यात्रा

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता भारत की सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम का परिचायक : संजय सेठ

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता भारत की सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम का परिचायक है। तिरंगा यात्रा भारत के शौर्य और सेना के अदम्य साहस को समर्पित है। मातृभूमि की रक्षा में अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे सभी वीर जवानों को प्रणाम। उन्होंने कहा कि भारतीय फौज ने जो वीरता, पराक्रम दिखाया, वह उनका कर्तव्य था और अब जनता अपना कर्तव्य पूरा कर रही है। 140 करोड़ देश की जनता अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वाह कर रही है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारत के शौर्य और सेना के अदम्य साहस को समर्पित है। आतंकवाद के विरुद्ध इस लड़ाई में तिरंगा हमारी एकता, हमारी अखंडता का परिचायक है। संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिहार की पावन धरती से वादा किया था कि ऐसे लोग, जिन्होंने हमारी बहनों का सिंदूर मिटाया है, उनको मिट्टी में मिला देंगे।

- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बोले- 140 करोड़ जनता निभा रही अपना कर्तव्य
- बाबूलाल ने कहा- सेना व पीएम मोदी का आभार प्रकट करने के लिए निकाली गई तिरंगा यात्रा

तिरंगा यात्रा पर कृषि मंत्री ने बीजेपी को घेरा

झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने तिरंगा यात्रा को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश की भावना को राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की शान है, लेकिन इसका राजनीतिकरण करना उचित नहीं है। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब कोई राजनीतिक पार्टी बैनर पोस्टर में ऑपरेशन सिंदूर को छपवाने लगती है और झंडा लेकर घूमने लग जाती है, तो यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है।

झारखंड में 9 डीएसपी को जल्द मिलेगा प्रमोशन बन जाएंगे आईपीएस

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में स्टेट पुलिस सर्विस के अफसरों की संख्या इंडियन पुलिस सर्विस में बढ़ेगी। वर्तमान में झारखंड पुलिस में आईजी रैंक से लेकर एसपी स्तर के 37 पुलिस अधिकारी स्टेट पुलिस सर्विस के हैं। इसके अलावा आने वाले कुछ महीने में नौ और डीएसपी को आईपीएस रैंक में प्रोन्नति मिलने वाली है। इसके बाद स्टेट पुलिस सर्विस के अफसरों की संख्या बढ़कर 46 हो जाएगी। दूसरी तरफ झारखंड में आईपीएस अधिकारियों के कुल 157 स्वीकृत पद हैं। इनमें से 8 पद हाल ही में जोड़े गए हैं। वर्तमान में सिर्फ 142 अधिकारी कार्यरत हैं। इनमें से कई आईपीएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। वहीं कई नेशनल पुलिस अकेडमी हैदराबाद में प्रशिक्षण ले रहे हैं, जबकि कुछ डीएसपी के पद पर तैनात हैं।

- स्टेट पुलिस सर्विस के अफसरों की संख्या बढ़कर हो जाएगी 46

एसपी रैंक में सबसे अधिक अफसर

झारखंड पुलिस में वर्तमान में एसपी रैंक के कुल 54 अफसर है, जिनमें 30 डायरेक्ट और 25 प्रमोटी आईपीएस हैं। वहीं डीआईजी रैंक अफसर की बात की जाये तो वर्तमान में 17 अफसर हैं, जिनमें आठ डायरेक्ट और नौ स्टेट पुलिस सर्विस के आईपीएस है। प्रमोटी आईपीएस अधिकारियों के पास 12 जिलों की जिम्मेदारी है। इनमें रांची, गुमला, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, रामगढ़, गढ़वा, देवघर, दुमका, साहेबगंज और गोड्डा जिला शामिल हैं। इसके अलावा रांची और धनबाद में सिटी एसपी की भी जिम्मेदारी प्रमोटी आईपीएस अधिकारियों के पास है।

कई जिलों में चलेगी लू, तो कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा

झारखंड में मई माह में गर्मी और बारिश का रहेगा मिला-जुला प्रभाव

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में मई माह में बारिश और गर्मी का मिलाजुला प्रभाव रहेगा। राज्य के कई जिलों में लू चलेगी तो कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश भी होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने बुधवार को दी है। विभाग के अनुसार 15 मई से विभिन्न जिलों में बारिश होने की सम्भावना है। वहीं कई जिलों में लू की लपटें चलने की आशंका व्यक्त की गई है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के जिन जिलों में लू चलने की आशंका है उनमें

15 मई को राज्य के पूर्वी जिले देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ और इससे लगे मध्यवर्ती हिस्सों में लू चलने की आशंका है। वहीं 16 और 17 मई को उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और 40-50 किमी की तेज गति से हवा चलने की आशंका है। बुधवार को रांची में मौसम साफ रहा। इससे दिन प्रचंड गर्मी का अनुभव हुआ। हालांकि दिन कभी-कभी बादल छाए रहे। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली। रांची में अधिकतम तापमान 37.6, जमशेदपुर में 38.8, डाल्टेनगंज में 42.4, बोकारो में 40.1 और चाईबासा में 39.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 16 मई को राज्य के पश्चिमी भागों को छोड़कर शेष भागों में मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की पूरी संभावना है।

स्कूली शिक्षा विभाग में अफसरों के 147 पद किए जाएंगे सृजित

RANCHI : राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा विभाग में कुल 147 पद सृजन करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई प्रशासी पदवर्ग समिति की बैठक में पद सृजन की अनुशंसा की गई है। इसमें कहा गया है कि सृजित पदों के लिए झारखंड अवर शिक्षा सेवा नियमावली, 2023 द्वारा स्वीकृत पे-लेवल (वेतनमान/ग्रड पे) अंतिमरूपेण प्रभावी होगा। झारखंड अधिविद्य परिषद्(जैक) में डिप्टी सेक्रेट्री के दो पदों के सृजन की अनुशंसा की गई है। सहायक शिक्षा अधीक्षक (स्थापना एवं विधि अनुश्रवण एवं निरीक्षण) के लिए सबसे अधिक 48 पदों के सृजन की अनुशंसा की गई है। सहायक शिक्षा अधीक्षक (आधारभूत संरचना अनुश्रवण एवं निरीक्षण) के लिए 24, सहायक शिक्षा पदाधिकारी (स्था एवं विधि अनुश्रवण एवं निरीक्षण) के लिए 24 और सहायक शिक्षा पदाधिकारी (आधारभूत संरचना अनुश्रवण एवं निरीक्षण) के लिए 24 पद सृजन की अनुशंसा की गई है।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की हुई राज्य स्तरीय 91वीं त्रैमासिक बैठक

राज्य के विकास और कृषि उन्नति में बैंकों की अहम भूमिका : शिल्पी

PHOTON NEWS RANCHI : बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 91वीं त्रैमासिक बैठक हुई । बैठक में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और वित्त सचिव प्रशांत कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य के विकास और कृषि उन्नति में बैंकों की अहम भूमिका है। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में केसीसी लोन का लक्ष्य 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक करने का प्रस्ताव रखा। इससे राज्य सरकार की 2 लाख रुपये

तक की ऋण माफी योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिल सकेगा। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि केसीसी लोन का लाभ पशुपालकों और मत्स्य पालन करने वाले किसानों को भी दिया जाता है। इससे इन वर्गों को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। बैठक में एपेक्स सोसाइटी की भूमिका पर भी चर्चा हुई। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि एपेक्स सोसाइटी सहकारिता के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। बैंकों के सहयोग से एपेक्स सोसाइटी से जुड़े एफपीओ को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है।

लापरवाही सख्ती के बावजूद राजधानी में नहीं किया जा रहा ट्रैफिक नियमों का पालन

पांच से अधिक चालान पेंडिंग रहने पर जब्त होंगे वाहन

विगत छह माह में बिना हेलमेट पहने पकड़े गए 3.14 लाख लोग आधे से ज्यादा ने नहीं भरी फाइन

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में ट्रैफिक सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए ट्रैफिक पुलिस लगातार प्रयास में लगी हुई है। नियमों का पालन कराने के प्रति सख्ती भी बरती जा रही है। फिर भी वाहन चालक गंभीरता से इसका पालन न कर लापरवाही कर रहे हैं। बाइक व स्कूटी सवार शहर में यातायात नियमों का पालन करने के लिए तैयार नहीं हैं। जान की परवाह किए बगैर सड़कों पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए गाड़ियां चला रहे हैं। वाहन सवार का चालान भी कट रहा है, लेकिन फाइन की राशि वे जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर वैसे वाहन सवार को चिह्नित कर रही है, जिनका पांच से ज्यादा चालान पेंडिंग है। इनकी गाड़ी जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

जान की परवाह किए बगैर सड़कों पर धड़ल्ले से चलाई जा रही हैं गाड़ियां

अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक नो पार्किंग जोन में पकड़े गए 18 हजार वाहन

नियमों के अनुरूप की जा रही कार्रवाई

शहर के आठ लोकेशन पर अभियान चलाकर ऐसी 20 बाइकों को जब्त कर संबंधित ट्रैफिक थाने में भेज दिया गया है। जब्त वाहन के मालिक को अब गाड़ी के पूरे कागजात के साथ ट्रैफिक थाना बुलाया गया है, जहां जांच के बाद फाइन की पूरी राशि जमा करने का निर्देश दिया जाएगा। फाइन की पूरी राशि जमा करने के बाद ही ट्रैफिक पुलिस वाहन छोड़ेगी। आंकड़ों पर गौर करें, तो अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 तक ट्रैफिक पुलिस ने 3.14 लाख बाइक सवार को बगैर हेलमेट पहने गाड़ी चलाते हुए पकड़ा है। इसके बाद उनकी फाइन काटी गई है। इसके अलावा नो पार्किंग जोन में खड़े 18 हजार वाहन सवारों का भी चालान

पंचायत समिति की बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

RANCHI : बेड़ो प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं और विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिन विभागों की प्रगति असंतोषजनक पाई गई, उन्हें कार्यशैली में सुधार लाने और गति तेज करने के निर्देश दिए गए। प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा किहमारा उद्देश्य प्रखंड के दूरस्थ गांवों तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से लेकर पदाधिकारियों तक सभी को जिम्मेदारी से कार्य करना होगा, ताकि बेड़ो प्रखंड झारखंड में विकास की एक मिसाल बन सके। बीडी.राहुल उरांव ने कहा कि हर जरूरतमंद तक पहुंचना और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना मेरी प्राथमिकता रही है।

कांके के जेएसएलपीएस कार्यालय का उप-प्रमुख ने किया निरीक्षण

PHOTON NEWS RANCHI : कांके प्रखंड कार्यालय परिसर में जेएसएलपीएस का कार्यालय है। कांके प्रखंड उप-प्रमुख अंजय बैठा ने बुधवार को कार्यालय का निरीक्षण किया। कार्यालय की स्थिति देख उप-प्रमुख ने कहा कि कार्यालय का भवन देखकर लगता है कि यहां पर चोरों को आमंत्रित किया जा रहा है। दरवाजे जर्जर हो चुके हैं। भवन की खिड़कियों की कुंडी भी खराब है। रस्सी से बांध कर कुंडी का काम किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक कुमार राव ने बताया कि दफ्तर के जरूरी कागजात, कंप्यूटर, प्रिंटर इत्यादि समान होते हैं, लेकिन भवन सुरक्षा के करण देखा जाए तो कोई भी समान सुरक्षित नहीं है। कई बार कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार और इनसे पूर्व के बीडीओ को इस संबंध मे लिखित रूप से अवगत कराया गया है, पर अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं कि गई है। उप-प्रमुख अंजय बैठा ने कहा कि कार्यालय के कर्मियों से जानकारी लेने पर पाया कि रात में कार्यालय के बाहर नशेड़ियों का भी अड्डा रहता है। कई बार खिड़कियो से अंदर गुटखा खाकर थूक दिया जाता है।

समाचार सार

एनएमएल ने की रेलवे स्टेशन में साफ-सफाई

JAMSHEDPUR : स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सीएसआईआर-एनएमएल ने बुधवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सफाई अभियान चलाया। एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, टाटानगर के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक सिंघल व एनएमएल की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. शर्मिष्ठा सागर के नेतृत्व में अधिकारियों-कर्मियों ने किया। रेलवे स्टेशन परिसर की सफाई के अलावा, सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक ने टाटानगर के एरिया मैनेजर को पौधे लगे चार गमले भी सौंपे।

ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

GHATSILA : अभियान फॉर ए बेटर टुमॉरो की सभा बुधवार को प्रो. सुबोध कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर ब्रजकिशोर दास, वीरेंद्र नारायण सिंहदेव, प्रो. मित्रेश्वर, सुबोध कुमार सिंह, साधुचरण पाल, साधना पाल, विजय कुमार सिन्हा, राकेश कुमार शर्मा व इंदल पासवान ने भी अपने विचार रखे। अंत में शहीद हुए जवानों और आतंकी हमले में हताहत नागरिकों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

संत जेवियर्स ने मधुसूदन स्कूल को हराया

CHAIBASA : 14वीं ज्ञानचंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को खेले गए पहले सुपर डिविजन मुकाबले में संत जेवियर्स इंगलिश स्कूल ने मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय, आसनतलिया को आठ विकेट से पराजित किया। कृपासिंधु चंदन को शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

ईटोर में बनेगी 1400 फीट लंबी पीसीसी सड़क

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ईटोर में आंगनबाड़ी केंद्र से 1400 फीट लंबी पीसीसी सड़क बनेगी। इसका शिलान्यास बुधवार को विधायक सुखराम उरांव के प्रतिनिधि पीरू हेम्ब्रम व झामुमो, चक्रधरपुर प्रखंड के अध्यक्ष सन्नी उरांव ने किया। डीएमएफटी मद से एनआरईपी विभाग द्वारा बनाई जाने वाली इस सड़क की प्राक्कलित राशि 14 लाख 34 हजार 175 रुपये है।

पैडमैन ने छात्राओं को बताया स्वच्छता का महत्व

CHAIBASA : झारखंड के पैडमैन सह सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार ने बुधवार को टोन्टो प्रखंड के पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बामेबासा में छात्राओं को स्वच्छता का महत्व बताया। किशोरियों को चित्र, पोस्टर व कहानियों के माध्यम से बताया कि हमें अपने शरीर के बारे में जानकारी रखना चाहिए। शरीर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। ऐसा नहीं करने से कई गंभीर बीमारी हो सकती है। बालिकाओं को माहवारी के दौरान विशेष साफ सफाई के अलावा होने वाली पीड़ा और खून की कमी से बचने के लिए उचित पोषण पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने किशोरियों को सुझाव दिया कि अधिक से अधिक हरी सब्जियां खाएं और विद्यालयों में वितरित किए जा रहे आयरन गोली का सेवन अवश्य करें और सुरक्षित सैनिटरी पैड का उपयोग करें। इस दौरान तरुण कुमार ने 150 किशोरियों में रि-यूजेबल पैड भी बांटे। इस पैड का इस्तेमाल अच्छी तरह धोकर और सुखाकर लगभग दो साल तक किया जा सकता है। इससे हर महीने महंगा पैड खरीदने से भी निजात मिल सकेगी।

समर कैंप में बच्चों ने सीखा मिट्टी से खिलौने बनाना

JAMSHEDPUR : मारवाड़ी महिला मंच, जमशेदपुर शाखा द्वारा संचालित आदित्यपुर कोचिंग सेंटर में बच्चों के लिए समर कैंप हुआ, जिसमें बच्चों ने मिट्टी के खिलौने बनाना सीखा। अध्यक्ष रानी अग्रवाल के नेतृत्व में बच्चों ने मिट्टी से आम, एप्पल, बैगन, सीताफल, पपीता और शिवलिंग बनाना सीखा। उन्होंने कागज के पंखे, ठोंगे तथा अन्य सामग्री भी बनाई। कार्यक्रम में मीना अग्रवाल, निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष प्रभा पड़िया, सुलभा अग्रवाल, सीमा चौधरी, सरस्वती अग्रवाल आदि भी उपस्थित थीं।

खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार में आ रही सवारी गाड़ी, तीन की हो गई मौत

चक्रधरपुर में मुख्य मार्ग पर मंगलवार की देर रात हुई दुर्घटना

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिला स्थित चक्रधरपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार की देर रात सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाईहातू निवासी सीनू पूर्ती अपने गांव से टाटा मैजिक गाड़ी पर लोगों को लेकर चाईबासा की ओर जा रहा था। गांव से कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन से बचने के प्रयास में सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टाटा मैजिक के परखच्चे उड़ गए।

आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। हादसे की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू करवाया। पुलिस ने तुरंत घायलों को अस्पताल भेजवाया। मृतकों की पहचान गंगा जारिका (35), सीनू पूर्ति (36), शिवराम हेंब्रम (32) और जगदीश हेंब्रम (35) के रूप में की गई है। गंभीर रूप से घायल जगदीश को प्राथमिक इलाज के बाद टाटा मुख्य अस्पताल रेफर किया गया है। मुफस्सिल थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि दुर्घटना देर रात की है और संभवतः ट्रक की तेज रफ्तार इसके पीछे की मुख्य वजह हो सकती है। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दुर्घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।

घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त सवारी गाड़ी को देखने जुटे लोग ● फोटोन न्यूज

वाहन पलटने से आठ लोग हो गए घायल

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर प्रखंड के केंदों पंचायत के कुरुलिया गांव के समीप मोड़ पर बुधवार की दोपहर छोटी सवारी गाड़ी पलटने से आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर में किया गया। वहीं गंभीर रुप से घायल लोगों को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चाईबासा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार रोज की तरह बुधवार को भी सवारी (टाटा मैजिक) गाड़ी चक्रधरपुर से भलियाडीह के लिए खुली। कुरुलिया गांव के समीप मोड़ पर तेज रफ्तार सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई थी। सभी घायलों को विधायक प्रतिनिधि पीरु हेंब्रम तथा 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष ताराकांत सिजुई ने एक अन्य सवारी गाड़ी से इलाज के लिए अस्पताल भेजा। घायलों में घाघरा आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका अनादी गागराई, भलियाडीह की मानी जामुदा, करुणा सामड, घाघरा की जोंगा सवैयां, ज्योति गागराई, माझीसाई के मंगल जामुदा, ललिता सवैयां, नौ वर्षीय जयपाल सवैयां आदि शामिल हैं। बताया जाता है कि सवारी गाड़ी में क्षमता से अधिक अधिक लोग सवार थे। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल सेविका अनादी गागराई व मानी जामुदा को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। बाकी घायलों को इलाज के बाद छोड़ दिया गया।

पीएचसी, बालीगुमा को मिला राज्य का पहला एनक्यूएएस सर्टिफिकेट

● मानुषमुड़िया, बहरागोड़ा बना झारखंड का दूसरा एनक्यूएएस प्रमाणित पीएचसी, सिविल सर्जन ने पूरी टीम को दी बधाई

PHOTON NEWS JSR: सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की एकदिवसीय मासिक समीक्षात्मक बैठक बुधवार को सिविल सर्जन सभागार, खासमहल में हुई। इसमें शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालीगुमा-मानगो को झारखंड राज्य का पहला अर्बनइम पीएचसी एनक्यूएएस (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) सर्टिफिकेट तथा मानुषमुड़िया, बहरागोड़ा को झारखंड राज्य का दूसरा एनक्यूएएस सर्टिफाइड पीएचसी बनने पर सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी। सिविल सर्जन ने क्रमवार सभी अटल क्लिनिक तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर (शहरी) में टीकाकरण चालू करने के साथ-साथ शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए' उन्होंने राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे यक्ष्मा, मलेरिया, कुष्ठ इत्यादि के बारे में जानकारी ली'। जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. रंजीत कुमार पंडा ने विस्तारपूर्वक एईएफआई उपचार के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करने की बात कही। बैठक में डॉ. सौमाल्या घोष, जिला कुष्ठ परामर्शी-डॉ. राजीव, मनीष कुमार सिंह, दीपक कुमार, राजेश कुमार विशाल कुमार, अमित कुमार के अलावा सभी लोक स्वास्थ्य प्रबंधक, एएनएम, यूबीटीटी, पीएसआई - इंडिया,सहिया-साथी, बिमल दास भी उपस्थित थे।

बालीगुमा स्थित पीएचसी के बाहर बैठे सिविल सर्जन व अन्य ● फोटोन न्यूज

ट्रैफिक पुलिस को मिला छाता, गॉगल्स व ओआरएस का पैकेट

JAMSHEDPUR : शहर की तपती सड़कों पर ड्यूटी करने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को अब गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। बिष्टुपुर स्थित एसएसपी कार्यालय में मंगलवार को एसएसपी किशोर कौशल ने ट्रैफिक विभाग के सिपाहियों को गर्मी से बचाव के लिए छाता, तौलिया, गॉगल्स और ओआरएस घोल के पैकेट दिए गए। एसएसपी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी सुबह से शाम तक चौक-चौराहों पर तैनात रहते हैं। तेज धूप और भीषण गर्मी से बचाव के लिए ये राहत सामग्री दी गई है, ताकि वे अपनी ड्यूटी बेहतर तरीके से निभा सकें। जहां-जहां ट्रैफिक चेकिंग हो रही है या जहां सिपाही तैनात हैं, वहां पानी के घड़े भी रखे जा रहे हैं। इसका लाभ राहगीरों को भी मिलेगा।

भिलाईपहाड़ी में मिला महिला का शव, इलाके में सनसनी

JAMSHEDPUR : मानगो स्थित एमजीएम थाना क्षेत्र के भिलाईपहाड़ी में मंगलवार की शाम एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 36 वर्षीय गीता सबर के रूप में हुई है, जो सोमवार को अपने घर से निकली थी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, तो कुछ दूरी पर खेत की झाड़ियों में शव बरामद हुआ।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर एमजीएम अस्पताल के शीतगृह में भेजा। पुलिस का कहना है कि महिला की मौत वज्रपात या हीट स्ट्रोक से हो सकती है। हालांकि, मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल बुधवार को पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

मुसाबनी में बहला-फुसला कर किशोरी का अपहरण

मुसाबनी के देबली गांव से एक किशोरी का बहला-फुसला कर अपहरण कर लिया गया है। किशोरी के पिता ने गांव के ही गोवर्धन धीवर पर अपहरण का आरोप लगाया है। जिले में बहला-फुसला कर किशोरी या युवती के अपहरण की घटनाएं बढ़ रही हैं। जानकारों का मानना है कि पुलिस को इन घटनाओं पर कड़ा एक्शन लेना होगा।

बागबेड़ा में छेड़खानी का विरोध करने पर युवती को पीटा

बागबेड़ा में घाघीडीह की रहने वाली एक युवती के साथ छेड़खानी की गई। बताते हैं कि इसका विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट की गई। इस मामले में युवती के आवेदन पर बागबेड़ा थाने में सुधीर और उसके बेटे प्रीतम व पत्नी सावित्री को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आधार सेंटर में लोगों ने जमकर किया हंगामा

आधार सेंटर के बाहर बीडीओ का इंतजार करते लोग ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : प्रखंड कार्यालय में बनाए गए आधार सेंटर में बुधवार को लोगों ने जमकर हंगामा किया। आधार कार्ड बनाने व सुधार करने को लेकर काफी संख्या में लोग सुबह से प्रखंड कार्यालय परिसर में लाइन लगाकर खड़े थे। ऑफिस खुलने के बाद बताया गया कि केंद्र का ऑपरेटर अचानक छुट्टी पर चला गया है, इसलिए आज काम नहीं होगा। इसके बाद नाराज लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोग पदाधिकारी के आने का इंतजार करते रहे। दोपहर लगभग 1 बजे बीडीओ युनिका शर्मा आईं, तो लोगों ने उनसे शिकायत की। हालांकि बीडीओ भी लोगों को संतोषप्रद जवाब नहीं दे सकीं। महिलाओं ने कहा कि बीडीओ हमलोगों से बात ही करना नहीं चाह रही थीं। कई लोग रोजगार के लिए जमशेदपुर जाते हैं, लेकिन आज छुट्टी लेकर आधार कार्ड बनाने आए थे। प्रखंड में अन्य कहीं आधार केंद्र नहीं है। विरोध करने वालों में सुमन पातर, नैना पातर, युधिष्ठिर सीट, लखन सोरेन सहित अन्य लोग शामिल थे।

सोनारी में महिला से चेन छिनतई, एक धराया दूसरे की तलाश जारी

JAMSHEDPUR : सोनारी थाना क्षेत्र के कुंजनगर में एक महिला से चेन छिनतई हुई है। बताया जाता है कि कामेश्वर यादव की पत्नी जब घर के बाहर टहल रही थीं, तभी बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले से चेन छीन कर फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही सोनारी पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके का मुआयना किया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और जांच के आधार पर एक आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक का नाम केशव झा है और वह भी कुंजनगर का निवासी है। केशव झा से पूछताछ के दौरान पुलिस को उसके साथी के बारे में भी जानकारी मिली है। फिलहाल पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को ही गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

डीसी की दी हुई समयसीमा पूरी, अब तक 577 बच्चे नामांकन से वंचित

1303 बच्चों में से अब तक 726 का ही हुआ एडमिशन

PHOTON NEWS JSR : पूर्वी सिंहभूम जिले में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए निजी विद्यालयों की प्रवेश कक्षा में कुल 1303 के चयनित बच्चों में अब तक 726 बच्चों का ही नामांकन किया गया है। अभी भी 577 बच्चे नामांकन से वंचित हैं। ऐसा तब है जब डीसी अनन्य मित्तल ने निजी स्कूलों के प्रबंधकों को सख्त चेतावनी जारी करते हुए सभी बच्चों का नामांकन पांच दिनों के अंदर पूरा करने को कहा था। यह चेतावनी 8 मई को जारी हुई थी।

निजी स्कूलों के प्रबंधकों ने इस चेतावनी को हल्के में लिया। इसीलिए, अब तक पांच दिन पूरे होने के बाद भी नामांकन का काम पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि, डीसी ने नरमी बरतते हुए इन प्रबंधकों को तीन दिन की और मोहलत दी है। डीसी ने कहा है कि यह आखिरी मोहलत है।

तीन दिन के बाद भी अगर नामांकन का काम अधूरा रहता है तो ऐसा करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी। डीसी ने चेतावनी दी है कि ऐसे स्कूलों को चिह्नित किया जाएगा। डीसी ने निर्देश दिया है कि तीन दिन के बाद जिला शिक्षा अधीक्षक उन्हें ऐसे स्कूलों की सूची दें, जो आरटीई के तहत बच्चों के नामांकन में लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई का खाका तैयार हो रहा है।

● उपायुक्त ने निजी स्कूलों को दी तीन दिन की और मोहलत

डीसी अनन्य मित्तल

पथ निर्माण विभाग सभी फ्लाईओवर को आपस में जोड़ने की योजना पर कर रहा काम

जमशेदपुर में बनेगा कनेक्टिंग फ्लाईओवर, खाका हो रहा तैयार

MUJTABA RIZVI @ JSR : जमशेदपुर में कनेक्टिंग फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इसके लिए पथ निर्माण विभाग योजना का खाका तैयार कर रहा है। कनेक्टिंग फ्लाईओवर को लेकर पथ निर्माण विभाग के आला अधिकारी मंथन में जुटे हुए हैं। जमशेदपुर में फ्लाईओवरों के निर्माण के बाद कनेक्टिंग फ्लाईओवर को धरातल पर उतारने का काम शुरू होगा। इसके तहत, शहर के कई फ्लाईओवरों को एक साथ आपस में जोड़ दिया जाएगा।

कनेक्टिंग फ्लाईओवर का जो खाका तैयार हो रहा है, उसमें चार फ्लाईओवर जोड़े जाएंगे। नेशनल हाईवे-33 पर काली मंदिर से बालीगुमा तक एक फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है। इसके साथ ही मानगो से साकची तक फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। इसके अलावा, मानगो बस स्टैंड गोलचक्कर के ऊपर से भुइयांडीह में एक फ्लाईओवर बनाने की बात चल रही है। यह फ्लाईओवर भुइयांडीह से उठ कर मानगो बस स्टैंड गोलचक्कर के ऊपर से साकची में खरकई लिंक रोड तक आएगा। पथ निर्माण विभाग को इस संबंध में विधायक की तरफ से प्रस्ताव भेजा गया है। इसके अलावा, भुइयांडीह के लिट्टी चौक पर एक ओवरब्रिज बन रहा है। पथ निर्माण विभाग के एक आला अधिकारी ने बताया कि इन सभी फ्लाईओवर और ओवरब्रिज को एक साथ जोड़ दिया जाएगा। इसी को कनेक्टिंग फ्लाईओवर कहा जाएगा।

मानगो का फ्लाईओवर बनने के बाद बनाया जाएगा डीपीआर

जमशेदपुर में कनेक्टिंग फ्लाईओवर का निर्माण तब शुरू होगा, जब यहां के सभी फ्लाईओवर व ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। पथ निर्माण विभाग के इंजीनियरों का कहना है कि कनेक्टिंग फ्लाईओवर का निर्माण शुरू होने में कम से चार साल लग सकता है। क्योंकि, 236 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से मानगो का फ्लाईओवर तो अगले साल तक बन कर तैयार हो जाएगा। मगर, नेशनल हाईवे पर बनने वाले फ्लाईओवर में देर है। इसी तरह, लिट्टी चौक पर बनने वाले ब्रिज का अब तक निर्माण भी शुरू नहीं हुआ है। यही नहीं, भुइयांडीह में मानगो बस स्टैंड के ऊपर से बनने वाले फ्लाईओवर को अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। हालांकि, विधायक सरयू राय ने इसका प्रस्ताव पथ निर्माण विभाग को भेज दिया है। लिट्टी चौक पर 44 करोड़ रुपये की लागत से जो ब्रिज बनेगा, उसके पूर्व सीएम रघुवर दास के कार्यकाल में सरकार से मंजूरी मिली थी। हालांकि, बाद में इसका कागजी काम अटक गया था। पिछले साल 4 अक्टूबर को इसका शिलान्यास हुआ था।

यातायात व्यवस्था को आसान बना देगी पथ निर्माण की योजना

जानकारों का कहना है कि कनेक्टिंग फ्लाईओवर शहर की यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद कर देगा। कनेक्टिंग फ्लाईओवर बन जाने के बाद एक फ्लाईओवर पर चढ़ कर कोई भी वाहन दूसरे फ्लाईओवर पर जा सकेगा। जैसे, अगर कोई एनएच-33 के फ्लाईओवर पर है, तो वह वहां से मानगो के फ्लाईओवर से होते हुए लिट्टी चौक पर बनने वाले ब्रिज पर भी जा सकेगा। इसके लिए मानगो के फ्लाईओवर को नेशनल हाईवे वाले फ्लाईओवर से जोड़ दिया जाएगा। इसके लिए डिमना रोड पर जगह भी है। यही नहीं, मानगो के फ्लाईओवर को मानगो बस स्टैंड गोलचक्कर वाले फ्लाईओवर से कनेक्ट कर दिया जाएगा। यह फ्लाईओवर लिट्टी चौक पर बनने वाले ब्रिज से कनेक्ट रहेगा।

केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर तीन डाक कर्मी सस्पेंड, एक को हटाया गया

JAMSHEDPUR : टाटानगर पोस्टऑफिस में ड्यूटी के दौरान खुलेआम शराब पीने के मामले में डाक विभाग ने सख्त कदम उठाया है। इस मामले में तीन डाक कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। जबकि, एक कर्मचारी को हटा दिया गया है। डाक विभाग की इस कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश के बाद हुई है। बताया जाता है कि 3 मई की रात पोस्टऑफिस परिसर में कुछ डाक कर्मचारियों द्वारा शराब पीने की घटना सामने आई थी। जब यह मामला मीडिया रिपोर्ट के जरिए प्रकाश में आया, तब विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए। जांच का नेतृत्व एएसपी (वेस्ट) परीक्षित सेठ ने किया। वरीय डाक अधीक्षक परमानंद कुमार के निर्देश पर हुई जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद एलएसजी डाक सहायक नितेश कुमार, ओवरसियर अमित कुमार ठाकुर और नाइट गार्ड जितेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं जीडीएस बीपीएम सूरज कुमार साहू को ड्यूटी से हटा दिया गया। यह मामला केंद्रीय संचार मंत्रालय और मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के संज्ञान में आने के बाद गंभीरता से लिया गया। डाक विभाग ने इसे अनुशासनहीनता और सेवा शर्तों का घोर उल्लंघन मानते हुए जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डाक विभाग की इस सख्त कार्रवाई से यह संदेश गया है कि कार्यालय परिसर में अनुशासन और गरिमा बनाए रखना अनिवार्य है और उसकी अवहेलना पर कठोर दंड मिलेगा।

बच्चे के अंदर दिखें ये बदलाव तो पेरेंट्स न करें नजरअंदाज, हो सकते हैं एंग्जायटी के लक्षण

अगर बच्चा किसी काम को करने से पहले घबराता है, हथेलियों पर पसीना आए या फिर लोगों से मिलने-जुलने से कतराने लगे। तो पेरेंट्स को अपने बच्चे के इस बदलते व्यवहार के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। कई बार बच्चे एंग्जायटी को लेकर बात करना चाहते हैं, लेकिन माता-पिता उनकी बातों को अनसुना कर देते हैं। ऐसे में अगर समय पर एंग्जायटी के लक्षणों पर ध्यान न दिया जाए और इलाज न किया जाए, तो आगे चलकर इसके गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एंग्जायटी के लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं।

बच्चे का गुस्सैल होना - अगर बच्चे में एंग्जायटी की समस्या की समय रहते पहचान न की जाए, तो इसका सीधा असर बच्चे के लिए बिहेवियर पर देखने को मिलता है। बच्चा गुस्सैल हो जाता है किसी भी काम को करने से पहले झुंझलाते या फिर घबराते हैं।

तैयारी के बाद भी एग्जाम में जाने से डरना

एंग्जायटी की समस्या से गुजरने वाले बच्चों के अंदर एग्जाम को लेकर डर बैठ जाता है। अच्छी तैयारी होने के बाद भी उनको लगता है कि वह अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाएंगे। कई बार वह परीक्षा न देने के लिए बहाने ढूंढते हैं या फिर उससे बचने का प्रयास करते हैं। अच्छी तैयारी होने के बाद भी वह खुद पर भरोसा नहीं कर पाते हैं।

घर से बाहर जाने में घबराहट

अगर बच्चा घर से बाहर जाने में कतराता है या किसी पार्टी व रिश्तेदार के यहां जाने से बचता है या फिर कई बार शॉपिंग पर जाने से मना करना। बच्चे का स्कूल जाने की इच्छा नहीं होना और न अपने दोस्तों से मिलना।

भूख और नींद कम होना

बता दें कि एंग्जायटी का असर बच्चे की नींद और भूख पर भी देखने को मिलता है। पहले जिन खेलों या एक्टिविटी में हिस्सा लेने के लिए बच्चा आगे रहता था, अब उसमें वह हिस्सा लेने से पीछे हट जाता है। या फिर डांसिंग, सिंगिंग या ड्राइंग जैसी मनपसंद एक्टिविटी में मन नहीं लगना।

एंग्जायटी के लक्षण

पेट दर्द या सिरदर्द की शिकायत
जी घबराना या उल्टी होना
सांस लेने में तकलीफ
ज्यादा पसीना आना
ऐसे पहचानें पेरेंट्स

पहले जिन कामों को करने में बच्चा दिलचस्पी दिखाता था, अब उन्हीं कामों को वह बोझ समझने लगा है।

बच्चा अगर किसी काम को करने से पहले ही यह कह दे कि वह मुझसे नहीं होगा।

बच्चे का बार-बार बीमार पड़ना और रात में नींद कम आना।

बच्चे का बाहर जाने से मना करना।

किसी से मिलने-जुलने में कंफर्टेबल फील नहीं करना।

काम को न करने के लिए बच्चे द्वारा नए-नए बहाने बनाना।

जानिए क्या करें पेरेंट्स

बच्चे के व्यवहार में बदलाव देखने के बाद पेरेंट्स उनसे ज्यादा से ज्यादा बात करने का प्रयास करें। साथ ही यह भी प्रयास करें कि आखिर बच्चा किस बात को लेकर परेशान हो रहा है। इसलिए बच्चे की बात को बेफिजूल मानकर नहीं टालना चाहिए। बच्चे को ऐसे फील कराएं कि आप उनका साथ हर स्थिति में देंगे। बच्चे के आसपास रहें और उनको कंफर्टेबल फील कराने का प्रयास करें। उनकी डाइट का ध्यान रखें। बच्चे की सेहत पर यदि एंग्जायटी का ज्यादा असर नजर आने लगा है तो किसी अच्छे साइकोलॉजिस्ट या काउंसलर से बात करने में बिल्कुल भी देर नहीं करें।

केरल के मुनरो आइलैंड की खूबसूरती देखकर झूम उठेंगे आप, प्रकृति प्रेमियों के लिए है जन्नत

दक्षिण भारत में जब किसी खूबसूरत राज्य में घूमने की बात होती है, तो बहुत सारे लोग केरल का नाम सबसे पहले लेते हैं। केरल दक्षिण भारत का पर्यटन हब माना जाता है। केरल की खूबसूरती हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। यहां पर स्थित लैगून और बैकवॉटर देखने के लिए लोग केरल पहुंचते हैं। जब भी केरल घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले एलेप्पी, कुमारकोम, मुन्नार, वायनाड, वागामों और त्रिशूर जैसी फेमस जगहों पर जाना चाहते हैं। लेकिन मुनरो द्वीप के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मुनरो द्वीप की खूबसूरती, खासियत और यहां पर मौजूद कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

मुनरो द्वीप

केरल के कोल्लम जिले में स्थित मुनरो द्वीप एक अद्भुत और अनोखी जगह है। यह कोल्लम शहर के कुछ किमी की दूरी है। इस द्वीप को कई लोग मुंद्रोथुरुथु के नाम से भी जानते हैं।

केरल में अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर यह द्वीप स्थित है। मुनरो द्वीप राजधानी तिरुवनंतपुरम से करीब 90 किमी की दूरी पर है। यह द्वीप एलेप्पी से करीब 87 किमी दूर और कोट्टयम से महज 84 किमी दूर है।

मुनरो द्वीप का इतिहास

मुनरो द्वीप का इतिहास काफी रोचक है। इस आइलैंड के बारे में बताया जाता है कि इसका नाम पूर्व ब्रिटिश निवासी कर्नल मुनरो के नाम पर रखा गया है। बताया जाता है कि जब कर्नल मुनरो ने देखा कि सिंचाई के लिए आसपास के इलाकों में बहुत समस्या हो रही है, तब इस द्वीप का निर्माण करवाया गया था।

मुनरो द्वीप की खासियत

केरल के साथ-साथ दक्षिण भारत का भी यह एक ऐसा आइलैंड है, जो नदी और झील के किनारे स्थित है। मुनरो द्वीप अष्टमुडी झील और कल्लदा नदी के संगम पर स्थित है। जोकि अपने आप में अनोखा है।

इस द्वीप के बारे में कहा जाता है कि यह केरल का छिपा हुआ मोती है, जो करीब 8 द्वीपों से बना हुआ है। यहां पर स्थित बैकवाटर और लैगून पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

सैलानियों के लिए है खास

मुनरो द्वीप अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है और यहां पर हर दिन हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं। खासकर जो सैलानी बैकवाटर और लैगून से प्रेम करते हैं, उनके लिए मुनरो द्वीप किसी स्वर्ग से कम नहीं है। वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए भी यह खास जगह है।

मुनरो द्वीर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। यहां पर कई पर्यटक बोटिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस द्वीप की खूबसूरती चरम पर होती है।

आसपास घूमने की जगहें

मुनरो द्वीप के आसपास कई शानदार और मनमोहक जगहें हैं। ऐसे में आप इन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप यहां पर अष्टमुडी झील, वेस्ट एंड ईस्ट कल्लाडा और थेवलक्करा गांव को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

कैसे पहुंचे मुनरो द्वीप

बता दें कि मुनरो द्वीप पहुंचना आसान है। इसके पास में कोल्लम रेलवे स्टेशन है, जोकि यहां से 27 किमी दूर है। वहीं अगर आप हवाई मार्ग से जाना चाहते हैं, तो यहां पर सबसे पास त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट जोकि 80 किमी दूर है। ऐसे में आप एयरपोर्ट से कैब या टैक्सी करके मुनरो द्वीप जा सकते हैं।

केरल में भी हैं जम्मू-कश्मीर जैसी जगहें, जानें कहां और कैसा है वहां का नजारा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में तनाव का माहौल है. कई लोग अब जम्मू-कश्मीर जाने से डर रहे हैं. ऐसे में इस ठंडे राज्य में गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए जिन लोगों ने पहले से टिकट बुक कर रखे थे, उनमें से ज्यादातर लोग अपनी टिकट कैंसिल करा रहे हैं. इन सभी के दिमाग में एक बात जरूर आ रही होगी कि अगर वो जम्मू-कश्मीर की टिकट कैंसिल करा रहे हैं तो इस गर्मी के मौसम में भारत के किस राज्य में जाना बेहतर रहेगा. ऐसे में आज इस खबर के जरिए जानिए कि गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए भारत में कौन सी जगह सबसे अच्छी रहेगी...

केरल के वायनाड जिले में स्थित कलपेट्टा नामक इलाका बेहद शांत और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर जगह है. यह जगह आपको बेहद पसंद आएगी. प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यह हिल स्टेशन पर्यटकों को एक नया अनुभव देता है. आइए अब इस जगह के बारे में पूरी जानकारी जानते हैं.

केरल के बारे में सोचते ही सबसे पहले उनके दिमाग में मुन्नार या थेक्कडी जैसी जगहें आती हैं. दरअसल, ये दोनों ही जगहें लोकप्रिय पर्यटन स्थल हैं. लेकिन केरल में और भी कई नई और अनोखी जगहें . इनमें से एक है कलपेट्टा. जी हां ! हममें से कई लोगों ने अब तक कलपेट्टा के बारे में नहीं सुना होगा. लेकिन यह एक ऐसी जगह है जो लोगों के दिलों को मोह लेती है. यह ऊंची पहाड़ियों और हरे-भरे जंगलों का एक सुंदर मिश्रण दृश्य प्रस्तुत करता है.

कलपेट्टा केरल के वायनाड जिले में स्थित एक जगह है. यहां चारों तरफ हरे-भरे पेड़ और प्राकृतिक सुंदरता है. यहां जाने वाले हर व्यक्ति के लिए यह एक अच्छा अनुभव होगा. यह बहुत ही शांत वातावरण वाली जगह है. यह समुद्र तल से लगभग 780 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है. पश्चिमी घाटों के बीच स्थित इस जगह पर मौसम हमेशा ठंडा रहता है. गर्मियों में भी ठंड कभी कम नहीं होती. यही कारण है कि यह पूरे साल घूमने के लिए एक आदर्श जगह है.

कलपेट्टा के आसपास मेप्पाडी नामक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चाय के बागान हैं. इन हरे-भरे क्षेत्रों के बीच घूमना एक अद्भुत एहसास देता है. हर पर्यटक इनके बीच के रास्तों पर घूमना और फोटो लेना पसंद करता है. कलपेट्टा से 15 किमी दूर एक खूबसूरत झील है. वहां नाव से यात्रा करना और पक्षियों को देखना बहुत आनंददायक है. इसे एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है. यह प्राकृतिक झील समय बिताने के लिए एक शांतिपूर्ण स्थान प्रदान करती है.

यदि आप कहीं ठंडी जगह जाना चाहते हैं, चाहे गर्मी की छुट्टियों में या मानसून के मौसम में, तो कलपेट्टा सबसे अच्छा विकल्प है. यह एक ऐसा हिल स्टेशन है जिसकी प्राकृतिक सुन्दरता के बारे में बहुत से लोगों को जानकारी नहीं है. यदि आप कुछ नया देखना चाहते हैं और यातायात और अराजकता से दूर एक शांत, ठंडी जगह में समय बिताना चाहते हैं, तो आपको निश्चित रूप से कलपेट्टा की यात्रा करनी चाहिए.

रोजाना खाली पेट सूखे आंवले और जीरे का पानी पीने से शरीर को मिलेंगे कई फायदे, बदलाव देख रह जाएंगे हैरान

आयुर्वेद में सूखा आंवला पाउडर और जीरे के पानी को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। दरअसल, आंवला और जीरा दोनों ही प्राकृतिक तत्व और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, तो इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है। इसके अलावा यह बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सूखे आंवला पाउडर और जीरे के पानी के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

ऐसे बनाएं आंवला पाउडर और जीरे का पानी

आंवला पाउडर - 1 चम्मच सूखा
जीरा पाउडर - 1 चम्मच भुना हुआ
पानी - 1 गिलास गुनगुना

इन सभी चीजों को पानी में मिलाकर उबाल लें और फिर सुबह खाली पेट इसका सेवन करें।

पाचन तंत्र होगा मजबूत

सूखा आंवला पाउडर और जीरे का पानी पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। आंवले में फाइबर की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। वहीं जीरा गैस, एसिडिटी और अपच को ठीक करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट आंवला पाउडर और जीरा पानी पीते हैं, तो इससे पाचन संबंधी समस्या दूर होगी।

इम्युनिटी

आंवला विटामिन सी का मुख्य सोर्स है। यह शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है। आंवले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने का काम करते हैं। जीरा में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि इंफेक्शन से लड़ने में सहायता करता है। ऐसे में नियमित रूप से यह पीने से सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं कम होती हैं।

वेट लॉस

अगर आप भी वेट लॉस करना चाहते हैं, तो सूखा आंवला पाउडर और जीरा पानी आपके लिए लाभकारी हो सकता है। आंवला मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और जीरा भी एक्स्ट्रा फैट कम करता है। साथ ही यह कॉम्बिनेशन भूख कम करने के साथ ही शरीर की एक्स्ट्रा चर्बी कम करने में सहायक है।

डिटॉक्सिफिकेशन में लाभकारी

आंवला और जीरा पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। आंवला लिवर को स्वस्थ रखता है और खून साफ करता है। वहीं जीरा भी शरीर के हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मददगार होता है। इसलिए रोजाना सुबह खाली पेट इसको पीने से बॉडी डिटॉक्स होता है और शरीर का एनर्जी लेवल बढ़ता है।

स्किन और बालों के लिए फायदेमंद

आंवला में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह स्किन को ग्लोइंग बनाता है और झुर्रियों को भी कम करता है। वहीं यह पिगमेंटेशन और मुंहासों को भी दूर करता है। वहीं जीरे का पानी भी बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह बालों का झड़ना कम करने के साथ उनको मजबूत बनाता है।

डायबिटीज होगी कंट्रोल

दरअसल, आंवले में क्रोमियम नामक मिनरल पाया जाता है, जो ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में सहायता करता है। तो वहीं जीरा भी इंसुलिन सेंसिटिविटी को बेहतर करता है, जिससे डायबिटीज के मरीजों को लाभ मिलता है।

सनातन हिंदू धर्म एवं भारत में उत्पन्न समस्त मत पंथ विश्व में शांति चाहते हैं

प्रहलाद सबनानी

पूरे विश्व में संभवतः केवल भारत ही एक ऐसा देश है जहां धार्मिक विविधता एवं धार्मिक सहिष्णुता को समाज द्वारा मान्यता प्रदान की जाती है। सनातन हिंदू संस्कृति में धर्म को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। भारतीय नागरिक स्वयं को किसी न किसी धर्म से सम्बंधित अवश्य बताता है। इसी के चलते, भारतीय नागरिक विश्व के किसी भी कोने में चला जाय परंतु अपनी संस्कृति को छोड़ता नहीं है।

भारत में सनातन हिंदू धर्म तो अनादि एवं अनंत काल से चला आ रहा है परंतु बाद के खंडकाल में भारत में कई अन्य प्रकार के मत पंथ भी विकसित हुए हैं जैसे बौद्ध धर्म, जैन धर्म, सिख धर्म आदि। भारत में विकसित विभिन्न मत पंथ मूलतः सनातन हिंदू संस्कृति का ही अनुपालन करते हुए दिखाई देते हैं और ऐसा कहा जाता है कि यह समस्त मत पंथ सनातन हिंदू धर्म की विभिन्न धाराएं ही हैं। भारत में विकसित मत पंथ सामान्यतः अपने दर्शन, कर्मकांड एवं सामाजिक ताने बाने के दायरे में अपने धर्म का अनुपालन करते हैं। भारत में हिंदू धर्म के सिद्धांतों पर चलने वाले नागरिकों की संख्या सबसे अधिक हैं एवं यह भारत का सबसे बड़ा धर्म है, जिसमें विभिन्न देवी देवताओं और पूजा प्रथाओं की एक विस्तृत प्रणाली शामिल है।

भारत में विकसित हुए मत पंथों में बौद्ध धर्म की उत्पत्ति भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के आधार पर हुई है। यह शिक्षाएं मानव जीवन से दुःख और उसके कारणों को दूर करने के सम्बंध में हैं। बौद्ध धर्म में ध्यान, प्रेम एवं करुणा पर जोर दिया जाता है। बौद्ध धर्म में कर्मकांड के महत्व को भी रेखांकित किया गया है परंतु इसका उद्देश्य ईश्वर की आराधना नहीं बल्कि मोक्ष की प्राप्ति करने से है।

भारत में ही विकसित दूसरे महत्वपूर्ण मत पंथ, जैन धर्म में अहिंसा, आत्म संयम, सत्य एवं ईमानदारी पर अधिक जोर दिया जाता है। जैन धर्म में ऐसा माना जाता है कि मोक्ष की प्राप्ति स्वयं के प्रयासों से ही सम्भव है।

भारत में ही विकसित तीसरा महत्वपूर्ण मत पंथ है सिख धर्म जिसकी स्थापना श्री गुरु नानक देव जी ने की थी। सिख धर्म ईश्वर में विश्वास, सेवा, समानता एवं सत्यनिष्ठा पर आधारित है। सिख धर्म में ईश्वर की उपासना की जाती है परंतु यह उपासना कर्मकांड से परे हैं।

भारत की सनातन हिंदू संस्कृति को पूरे विश्व में अति प्राचीन संस्कृति के रूप में देखा जाता है। मूल रूप से भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में आध्यात्म का विशेष महत्व है जिसके अंतर्गत ह्ववसुधैव कुटुंबकमह्व, ह्वसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्व, ह्वविश्व का कल्याण होह्व, ह्वकिसी भी जीव का अहित न होह्व जैसे भावों पर अमल करने का प्रयास किया जाता है। भारत में चूंकि मनुष्य के साथ साथ जीव जंतुओं, नदियों, पहाड़ों, पेड़ पौधों एवं जंगलों, आदि में भी ईश्वर का वास माना जाता है इसलिए किसी भी जीव को कोई क्षति न हो इस भावना को न केवल को आगे

बढ़ाया जाता है बल्कि इस सिद्धांत पर अमल भी किया जाता है। इसीलिए भारत मूलतः शांतिप्रिय देश माना जाता है तथा भारत में हिंसा के लिए तो कोई जगह ही नहीं है। भारत के धर्मग्रंथों में भी जाने अनजाने में भी की गई जीव हत्या को पाप की संज्ञा दी गई है। सनातन हिंदू संस्कृति के ग्रंथों, उपनिषदों, आदि द्वारा काम, कर्म एवं अर्थ को धर्म के साथ जोड़कर ही सम्पन्न करने के उपदेश दिए जाते हैं। उदाहरण के लिए, महाभारत में वेद व्यास जी ने धर्म के आठ तरीके बताए हैं - (i) यज्ञ - जिसका आशय है कि ऐसा कर्म जो समाज के लाभ के लिए किया जाता है। (ii) दान - समाज की सहायता करना। (iii) तप - अर्थात स्वयं में सुधार करते रहना, स्वयं का मूल्यांकन करना तथा नकारात्मक गुणों को दूर कर सकारात्मक गुणों का विस्तार करना। (iv) सत्यम् - सत्य के मार्ग पर चलना। (v) क्षमा -दूसरों तथा स्वयं को गलतियों के लिए क्षमा करना। (vi) दंभ - इंद्रियों को वश में रखना। (vii) आलोभ - लालच नहीं करना एवं लालच में न आना। (viii) अध्ययन - स्वयं और दुनिया का अध्ययन करना। सनातन हिंदू धर्म एवं भारत में उत्पन्न मत पंथों के अनुयायी सामान्यतः धर्म के उक्त वर्णित आठ तरीकों पर चलने का प्रयास करते पाए जाते हैं। धर्म की इस राह पर चलकर उन्हें समाज में शांति पूर्वक रहने की प्रेरणा मिलती है एवं अंततः उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है।

इसके साथ ही, विश्व के अन्य देशों में विकसित मत पंथों का अनुसरण करने वाले नागरिक भी भारत में पर्याप्त मात्रा में निवास करते हैं जैसे यहूदी, ईसाई एवं इस्लाम के अनुयायी, आदि। विश्व के अन्य भागों में विकसित उक्त वर्णित मत पंथों को सेमेटिक रिलिजन की श्रेणी में रखा जाता है क्योंकि इनकी साझा उत्पत्ति एवं कुछ सामान्य अवधारणाएं होती हैं, जैसे एक ही ईश्वर में विश्वास, नैतिकता एवं कर्मकांड।

यहूदी धर्म एक धर्मग्रंथ (ताल्मुद) पर आधारित है। इस धर्मग्रंथ में यहूदी लोगों की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दशार्या गया है। यहूदी धर्म सेमेटिक धर्म की श्रेणी में आता है क्योंकि इसमें एक ईश्वर (येहव) में विश्वास, अनुष्ठान एवं नैतिक नियमों का पालन किया जाता है। ईसाई धर्म ईसा मसीह की शिक्षाओं पर आधारित है, जो एक ईश्वर में विश्वास एवं ईसा मसीह के द्वारा उद्धार करने एवं उनके द्वारा ही मोक्ष करने पर जोर देता है। इसी प्रकार इस्लाम भी पैगंबर मुहम्मद साहब की शिक्षाओं पर आधारित है, जो कि एक ईश्वर (अल्लाह) में विश्वास एवं कुरान का पालन करने पर जोर देता है।

भारत में उत्पन्न विभिन्न धर्मों एवं मत पंथों में ईश्वर की अवधारणा विविध है, परंतु सेमेटिक धर्मों में केवल एक ईश्वर में ही विश्वास किया जाता है। भारतीय मत पंथों में कर्मकांड का महत्व कम है, जबकि सेमेटिक धर्मों में कर्मकांड की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। भारतीय मत पंथों में मोक्ष की प्राप्ति के विभिन्न मार्ग उपलब्ध हैं जिन पर चलकर मोक्ष की प्राप्ति की जा सकती है परंतु सेमेटिक धर्मों में मोक्ष की प्राप्ति केवल ईश्वर की कृपा से ही सम्भव है। भारतीय मत पंथों में विविध सामाजिक संरचना रहती है जबकि सेमेटिक धर्मों में एक समान सामाजिक संरचना रहती है एवं इसमें विविधता का अभाव है। भारत में उत्पन्न धर्मों एवं मत पंथों में तथा सेमेटिक धर्मों में सामाजिक संरचना एवं दर्शन भी अलग अलग है।

भारत के बारे में यह कहा जाता है कि यहां विविधता में भी एकता दिखाई देती है क्योंकि आज भारत में विभिन्न धार्मिक आस्थाओं एवं विभिन्न धर्मों की उपस्थिति तथा उनकी उत्पत्ति तो दिखाई ही देती है, साथ ही, व्यापारियों, यात्रियों, आप्रवासियों, एवं यहां तक कि आक्रमणकारियों द्वारा भी यहां लाए गए धर्मों को आत्मसात करते हुए उनका सामाजिक एकीकरण दिखाई देता है। सभी धर्मों के प्रति हिन्दू धर्म के आतिथ्य भाव के विषय में जॉन हार्डन लिखते हैं, 'हालांकि, वर्तमान हिन्दू धर्म की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता उसके द्वारा एक ऐसे गैर-हिन्दू राज्य की स्थापना करना है जहां सभी धर्म समान हैं...।'

पूरे विश्व में संभवतः केवल भारत ही एक ऐसा देश है जहां धार्मिक विविधता एवं धार्मिक सहिष्णुता को समाज द्वारा मान्यता प्रदान की जाती है। सनातन हिंदू संस्कृति में धर्म को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। भारतीय नागरिक स्वयं को किसी न किसी धर्म से सम्बंधित अवश्य बताता है। इसी के चलते, भारतीय नागरिक विश्व के किसी भी कोने में चला जाय परंतु अपनी संस्कृति को छोड़ता नहीं है। इसी कारण से यह कहा जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर आज की परिस्थितियों की बीच केवल भारतीय सनातन संस्कृति के माध्यम से ही पूरे विश्व में एक बार पुनः शांति स्थापित की जा सकती है।

संपादकीय

प्रधानमंत्री का सख्त संदेश

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के दो दिन बाद सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में इस्लामाबाद को कड़ा संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने अपने 22 मिनट के संबोधन में सीजफायर, आतंकवाद, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके), ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में जघन्य हमला और सिंधु जल समझौते पर बात की। उन्होंने कड़े तेवर के साथ कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता जाहिर उनका यह संदेश सिर्फ पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि विश्व समुदाय के लिए भी था। प्रधानमंत्री के संबोधन से एक बात साफ हो गई कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान और आतंकवाद के बारे में पुरानी नीति का परित्याग कर दिया है जहां कूटनीति और आतंक का सहअस्तित्व था। उन्होंने विश्व समुदाय को भारत की नई नीति और सिद्धांत के बारे में स्पष्ट तौर पर बता दिया कि अगर आप पाकिस्तान के साथ बात होगी तो आतंकवाद पर और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही बात होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। यानी परमाणु हमले की धमकी को अलग-थलग करके आतंकी अड्डों को नष्ट करेगा। यह याद रखा जाना चाहिए कि अगर पाकिस्तान भारत पर परमाणु हमला करता है तो भारत को सिर्फ खरोंचे ही आएगी, लेकिन विश्व मानचित्र से पाकिस्तान का नाम ही मिट जाएगा। विश्व समुदाय जानता है कि भारत एक जिम्मेदार और सभ्य राष्ट्र है जो पहले परमाणु शस्त्र का इस्तेमाल कभी नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में इस बात को दोहराया कि यह युद्ध का समय नहीं है, लेकिन इसी के साथ उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह आतंकवाद का भी समय नहीं है। वास्तव में भारत पिछले दशकों से आतंक की पीड़ा झेल रहा है। ऐसा पहली बार हुआ कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में इस्लामाबाद से कराची तक 13 जगहों को अपना निशाना बनाया। न केवल निशाना बनाया बल्कि पाकिस्तान के कई लड़ाकू विमानों को नेतस्नाबूद भी कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बुद्ध ने शांति का रास्ता दिखाया है, लेकिन शक्ति से ही शांति का रास्ता निकलता है। इसका अर्थ साफ है कि भारत अब भई बिनु होई न प्रीति..की नीति को आगे बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा भी है कि 'ऑपरेशन सिंदुर' स्थगित हुआ है, खत्म नहीं।

चिंतन-मनन

दूसरे की गलती

एक बार गुरु श्यामानंद ने अपने चार शिष्यों को एक पाठ पढ़ाया। पढ़ाने के बाद वह अपने शिष्यों से बोले, अब तुम चारों इस पाठ का बार-बार अध्ययन कर इसे याद करो। इस बीच यह ध्यान रखना कि तुम में से कोई बोले नहीं। थोड़ी देर बाद मैं तुमसे इस पाठ के बारे में बात करूंगा। यह कहकर श्यामानंद वहां से चले गए। उनके जाने के बाद चारों शिष्य अलग-अलग बैठकर पाठ का अध्ययन करने लगे।

अचानक बादल घिर आए और वर्षा की संभावना बन गई। यह देखकर एक शिष्य बोला, लगता है, तेज बारिश होगी। यह सुनकर दूसरे ने कहा, तु?हें बोलना नहीं चाहिए था। तभी तीसरा बोला, तुम लोगों ने बोलकर गुरुजी की आज्ञा भंग कर दी है। चौथा शिष्य चुपचाप पाठ पढ़ता रहा। इसी बीच श्यामानंद वहां आ गए। उन्हें देखकर पहला शिष्य बोला, गुरुजी, यह मौन नहीं रहा और बोलने लगा। दूसरा शिष्य बोल पड़ा, तो तुम कौन सा मौन थे। तुम भी तो बोल पड़े थे। तीसरे ने कहा, इन दोनों ने बोलकर आपकी आज्ञा भंग कर दी है। यह सुनकर दोनों तपाक से बोले, तुम भी तो बोल ही पड़े थे। मगर चौथा शिष्य अभी भी चुप था।

उसे देखकर गुरुजी बोले, तुम में से केवल इसने ही मेरी आज्ञा मानी। यह निश्चय ही आगे चलकर बड़ा और महत्वपूर्ण कार्य करेगा क्योंकि इसके भीतर पर्याप्त धैर्य और एकाग्रता है। यह किसी के बहकावे में नहीं आता न ही किसी क्षणिक हलचल से विचलित होता है। तुम तीनों के भविष्य को लेकर मुझे शंका है क्योंकि तुम तीनों एक दूसरे का दोष निकालने के कारण स्वयं भी गलती कर बैठे। अधिकतर लोग ऐसा ही करते हैं। वे दूसरे को उसकी गलती बताने के चक्कर में स्वयं भी गलती कर बैठते हैं और फिर स्वयं कब गलत मार्ग पर चलने लगते हैं, इसका उन्हें आभास तक नहीं होता। यह सुनकर तीनों शिष्यों का सिर शर्म से झुक गया।

मानव सभ्यता का शिखर एवं रिश्तों का स्वर्ग है परिवार

ललित गर्ग

वैश्विक परिवार दिवस दुनिया भर के लोगों में प्यार, सद्भाव, एकता को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित विश्व उत्सव है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दिन की स्थापना की। परिवार हमें एकसूत्रता में बांधता है, रिश्तों की अहमियत को गहराई से समझाता है, सभी पारिवारिकजनों में प्यार बढ़ाता है। हमें एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने और हमारे भावनात्मक संबंधों को मजबूत करते हुए बेहतर इंसान बनाने में करता है। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएं दुनियाभर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं, इसलिए, 1993 में इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया। जैसाकि दुनिया दोहा, कतर में 4-6 नवंबर 2025 में सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की तैयारी कर रही है, तब अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस सतत विकास को आगे बढ़ाने में परिवार-उन्मुख नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालेगा, जो गरीबी उन्मूलन, सभ्य कार्य और सामाजिक समावेशन के प्रति प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। 'सतत विकास के लिए परिवार-उन्मुख नीतियां: सामाजिक विकास के लिए दूसरे विश्व शिखर सम्मेलन की ओर' थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों से महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि को उजागर किया जाएगा, जिसमें सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकीय परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव, शहरीकरण, प्रवासन और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी प्रवृत्तियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय विकास एजेंडा में परिवार-केंद्रित नीतियों को एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया जाएगा। परिवार में रिश्तों की एक मजबूत डोर होती है, सहयोग के अटूट बंधन होते हैं, एक-दूसरे की सुरक्षा के वादे और इरादे होते हैं। हमारा यह फर्ज है कि इस रिश्ते की गरिमा को बनाए रखें। हमारी संस्कृति एवं परंपरा में पारिवारिक एकता पर हमेशा से बल दिया जाता रहा है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है, प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता-सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है। आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। परिवार दो प्रकार के होते हैं- एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा-मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा-मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत महत्वपूर्ण है। वास्तव में मानव सभ्यता की अनूठी पहचान है संयुक्त परिवार और वह जहां है वहीं स्वर्ग है। रिश्तों और प्यार की अहमियत को छिन्न-भिन्न करने वाले पारिवारिक सदस्यों की हरकतों एवं तथाकथित आधुनिकतावादी सोच से जहां बुढ़ापा कांप उठता है, वहीं बच्चों की दुनिया को भी बहुत सारे आयोजनों से बेदखल कर दिया है। दुख सहने और कष्ट झेलने की शक्ति जो संयुक्त परिवारों में देखी जाती है वह एकल रूप से रहने वालो में दूर-दूर तक नहीं होती है। आज के अत्याधुनिक युग में बढ़ती महंगाई और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए संयुक्त परिवार समय की मांग कहे जा सकते हैं। भारत गांवों का देश है, परिवारों का देश है, शायद यही कारण है कि न चाहते हुए भी आज हम विश्व के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में उभर चुके हैं और शायद यही कारण है कि आज तक जनसंख्या दबाव से उपजी चुनौतियों के बावजूद, एक 'परिवार' के रूप में, जनसंख्या नीति बनाये जाने की जरूरत महसूस नहीं की। ईंट, पत्थर, चूने से बनी दीवारों से घिरा जमीं का एक हिस्सा घर-परिवार कहलाता है जिसके साथ 'मैं' और 'मेरापन' जुड़ा है। संस्कारों से प्रतिबद्ध संबंधों की संगठनात्मक इकाई उस घर-परिवार का एक-एक सदस्य है। हर सदस्य का सुख-दुख एक-दूसरे के मन को छूता है। प्रियता-अप्रियता के भावों से मन प्रभावित होता है। घर-परिवार जहां हर सुबह रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जुगाड़ में धूप चढ़ती है और आधी-अधूरी चिंताओं का बोझ ढोती हुई हर शाम घर-परिवार आकर ठहरती है। कभी लाभ, कभी हानि, कभी सुख, कभी दुख, कभी संयोग, कभी वियोग, इन द्वंद्वात्मक परिस्थितियों के बीच जिंदगी का कालचक्र गति करता है। आदमी की हर कोशिश ह्यघर-परिवारह्ल बनाने की रहती है। सही अर्थों में घर-परिवार वह जगह है जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन सुख-दुख की साझेदारी, सबमें सबक होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का पूरा अवकाश है। अनुशासन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली से जीता है। वृद्धत्व जीए गए अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसा घर-परिवार निश्चित रूप से पूजा का मंदिर बनता है। परिवार एक संसाधन की तरह होता है। फिर क्या कारण है कि आज किसी भी घर-परिवार के वातायन से झांककर देख लें-दुख, चिंता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, पक्षपात, विवाद, विरोध, विद्रोह के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ होगा। विचारभेद मनभेद तक पहुंचा देगा। विश्वास संदेह में उतर आएगा। ऐसी अनकही तनावों की भीड़ में आदमी सुख के एक पल को पाने के लिए तड़प जाता है। कोई किसी के सहने/समझने की कोशिश नहीं करता। क्योंकि उस घर-परिवार में उसके ही अस्तित्व के दायरे में उद्देश्य, आदर्श, उम्मीदें, आस्था, विश्वास की बदलती परिधियां केंद्र को ओझल कर भटक जाती हैं। विघटन शुरू हो जाता है। भारतीय परिवार में परिवार की मयार्दा और आदर्श परंपरागत है। विश्व के किसी अन्य समाज में गृहस्थ जीवन की इतनी पवित्रता, स्थायीपन, और पिता-पुत्र, भाई-भाई और पति-पत्नी के इतने अधिक व स्थायी संबंधों का उदाहरण प्राप्त नहीं होता। विभिन्न क्षेत्रों, धर्मों, जातियों में सम्पत्ति के अधिकार, विवाह और विवाह विच्छेद आदि की प्रथा की दृष्टि से अनेक भेद पाए जाते हैं, किंतु फिर भी 'संयुक्त परिवार' का आदर्श सर्वमान्य है। अधिकतर परिवार में तीन पीढ़ियों और कभी कभी इससे भी अधिक पीढ़ियों के व्यक्ति एक ही घर में, अनुशासन में और एक ही रसोईघर से संबंध रखते हुए सम्मिलित संपत्ति का उपभोग करते हैं और एक साथ ही परिवार के धार्मिक कृत्यों तथा संस्कारों में भाग लेते हैं। मुसलमानों और ईसाइयों में संपत्ति के नियम भिन्न हैं, फिर भी संयुक्त परिवार के आदर्श, परंपराएं और प्रतिष्ठा के कारण इनका सम्पत्ति के अधिकारों का व्यावहारिक पक्ष परिवार के संयुक्त रूप के अनुकूल ही होता है।

टेस्ट क्रिकेट : विराट ने भी दिया विराम

मनोज चतुर्वेदी

अपने 14 साल के टेस्ट कॅरियर में देश को तमाम उपलब्धियां दिलाने वाले विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को स्तब्ध कर दिया है। कुछ दिनों पहले उनके लाल गेंद से अभ्यास करने की खबरें आ रही थीं। इस फैसले की किसी को उम्मीद नहीं थी। विराट के संन्यास लेने से एक युग की समाप्ति हो गई है। वह सचिन तेंदुलकर की तरह अपना युग कायम करने में सफल रहे। ऐसा कोई खिलाड़ी अपने कॅरियर को विराम देता है, तो क्रिकेटप्रेमियों के दिल टूटते ही हैं। विराट ने सचिन तेंदुलकर के संन्यास से खाली हुई जगह को भरा था। विराट के संन्यास लेने से खाली हुई जगह को कौन भरेगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। विराट ने 123 टेस्ट खेल कर इसकी 210 पारियों में 9230 रन बनाए जिनमें 30 शतक शामिल रहे। उनका औसत 46.85 का रहा।

महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कुछ समय पहले कहा था कि विराट 10,000 टेस्ट रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बनेंगे। इससे पहले गावस्कर, सचिन और द्रविड़ इसे पा चुके हैं पर वह इस कीर्तिमान से 770 रन दूर रह गए। गावस्कर कहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी जब खेलना शुरू करता है तो उसे खेलने में लुत्फ आता है, और यह लुत्फ उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने तक आता रहता है। लेकिन जब खिलाड़ी का लुत्फ आना बंद हो जाता है, तो वह संन्यास जैसा फैसला करता है।

गावस्कर कहते हैं कि लुत्फ नहीं आने के कई कारण हो सकते हैं। विराट के साथ भी ऐसा कुछ हुआ होगा। विराट ने इंस्टाग्राम पर संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्ल्यू पहने 14 साल हो गए हैं। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे किस सफर पर ले जाएगा। अब जब मैं खेल के इस प्रारूप से दूर जा रहा हूं, जो आसान नहीं है। मैं इसे अपना सब कुछ दिया और इसने मुझे उम्मीदों से कहीं ज्यादा दिया। मैं हमेशा अपने टेस्ट कॅरियर को मुस्करा के देखूंगा। इसने मुझे परखा, आकार दिया और ऐसे सबक सिखाए जिन्हें जीवन भर साथ रखूंगा।

सफेद जर्सी में खेलना निजी अनुभव होता है। यह शांत संघर्ष है, लंबे दिन और छोटे पल हैं, जिन्हें कोई नहीं देखता लेकिन वे हमेशा आपके साथ रहते हैं। टेस्ट मैचों को खेलने के लिए बहुत शारीरिक और मानसिक ताकत की जरूरत होती है। भले ही विराट को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिटनेस वाले खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है पर बहुत संभव है कि वह पांच टेस्ट की सीरीज खेलने के लिए अपने को मानसिक रूप से मजबूत न पाते हों। वैसे भी हम विराट के 2019 के बाद के प्रदर्शन को देखें तो इसमें बहुत गिरावट आ गई थी। 2024 में उन्होंने खेले 10 टेस्ट में 24.52 के औसत से मात्र 417 रन ही बनाए जिसमें पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे के पहले टेस्ट में बनाया एकमात्र शतक शामिल है।

इससे उनके प्रदर्शन में गिरावट को आसानी से समझा जा सकता है। इस खराब प्रदर्शन के साथ ही वह ऑफ स्टंप से बाहर की गेंदों पर ड्राइव करने के प्रयास में लगातार स्लिप और गली में कैच हो रहे थे। इसकी वजह उनके रिफलेक्सस में कमी आना भी हो सकता है। यह भी कहा जा रहा है कि पिछले साल पहली बार घर में न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज और फिर ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज हारने के दौरान विराट और रोहित शर्मा के खराब प्रदर्शन करने के बाद ही मुख्य चयनकर्ता और कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड दौरे से शुरू हो रही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की नई साइकिल से यंग ब्रिगेड पर भरोसा करने का मन बना लिया था। कहा जा रहा है कि विराट से गंभीर ने कह दिया था कि वह इंग्लैंड दौरे के लिए उन्हें चुनेंगे जरूर पर इसके बाद से उनके प्रदर्शन को देख कर ही फैसले करेंगे। इससे साफ था कि उन्होंने उनसे आगे देखने का मन बना लिया है।

जहां तक बात विराट के स्वर्णिम प्रदर्शन की है, तो इसमें 2016-18 तक के समय को रखा जा सकता है। इस दौरान उन्होंने 75 से ज्यादा के औसत से रन बनाए। इस दौरान ही अपने 30 शतकों में से 14 शतक जमाए। यह वही दौर था जब उनके टेस्ट शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर से आगे निकलने की उम्मीद की जा रही थी। लेकिन समय बीतने के साथ प्रदर्शन में गिरावट आने से वह 30 शतक पर ही सीमित होकर रह गए। विराट के प्रदर्शन की खूबी यह भी रही कि

उन्होंने घर और बाहर, दोनों जगह बराबरी से रन बनाए।

घर में खेले 55 टेस्ट में 4336 रन और घर से बाहर खेले 68 टेस्ट में 4894 रन बनाए। उनके घर में 14 और बाहर 16 शतक हैं। विराट भारत के सफलतम टेस्ट कप्तान हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में खेले गए 68 टेस्ट मैचों में से 40 जीते, 17 हारे और 11 ड्रा रहे। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी के 60 में से 27 टेस्ट जीत के रिकॉर्ड को तोड़ा था। विराट के रिकॉर्ड तक पहुंचना भावी कप्तानों के लिए आसान नहीं होगा। वह कप्तान के तौर पर सात दोहरे शतक लगाने वाले दुनिया के इकलौते क्रिकेटर हैं। लगातार तीन टेस्ट सीरीजों में दोहरे शतक लगा कर वह डॉन ब्रेडमैन और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ने में भी सफल हो गए थे। विराट अपने बल्ले से चमक बिखेरने के कारण ही लोकप्रिय नहीं थे, बल्कि मैदान में दिखाई जाने वाली ऊर्जा के लिए भी जाने जाते थे। साथी खिलाड़ियों में भी दम भरने की हिम्मत रखते थे।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Why FDI investors are turning away from India

THE Organisation for Economic Cooperation and Development (OECD) recently released the data of global inward foreign direct investment (FDI) (what a country receives) and outward FDI (what a country invests in other countries) for the calendar year 2024. India's inward FDI, after peaking at $64.36 billion in 2020, has consistently declined thereafter. It was $44.73 billion in 2021, $49.94 billion in 2022, $28.08 billion in 2023 and $27.61 billion in 2024. India's FDI inflows, in 2024, were 43 per cent less than those in 2020.

Why is India's FDI declining so rapidly? Let me say here, upfront, that the ongoing tensions between India and Pakistan or the fear that the situation in the region may escalate towards a dangerous "nuclear flashpoint" has no bearing on India's FDI crisis.Global investors, especially in the last couple of years, seem to be inured to war, whether between Russia and Ukraine or between Israel and Gaza. The fact is, that India's problems are much deeper.Inward FDI is made up of three components — one, new FDI inflows (an Indian company receives new/additional FDI); second, capital repatriation/disinvestments (an existing FDI exits or partially sells its stake); and third, retained and reinvested earnings (share of profits attributable to FDI investors, not distributed as dividends).India's FDI stock now exceeds $1 trillion (it began to be counted from 2000) as per data published by the Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT).In 2023-24, as per the RBI, the gross inflow of FDI (investment inflows plus reinvested earnings) amounted to $70.94 billion whereas the repatriation/disinvestment of the FDI stock totalled $44.47 billion, resulting in actual inward cash/new FDI inflow of $26.47 billion. Retained and reinvested FDI in 2023-24, as per the DPIIT, amounted to $19.77 billion. Thus, India received net cash inward FDI of $51.17 billion ($70.94 billion minus $19.77 billion). If we take out $44.47 billion, which went out as disinvestment/ repatriation, the net inward cash FDI was only $6.70 billion. It is quite paltry.

